

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 137 | ग्वालियर सोमवार, 06 मार्च 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


# पीएम मोदी 12 मार्च को फिर से जाएंगे कर्नाटक, इन परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन

कर्नाटक में इसी साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं. प्रदेश में इस वक्त बीजेपी की सरकार है और पार्टी वापसी के लिए पूरी ताकत झोंक रही है. प्रदेश में एक बार फिर से कमल खिलाने के लिए पार्टी ने पीएम मोदी को मैदान में उतार दिया है. इसी के तहत वह लगातार कर्नाटक का दौरा कर रहे हैं. पीएम मोदी 12 मार्च को कर्नाटक दौरे पर जाएंगे. प्रधानमंत्री मोदी इस बार मांड्या के दौर पर रहेंगे. यहां वह कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे. इसके बाद वह हुबली जाएंगे. वहां भी कई परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे. इससे पहले प्रधानमंत्री 27 फरवरी को कर्नाटक दौरे पर गए थे. इस दौरे पर पीएम मोदी ने शिवमोगा एयरपोर्ट का उद्घाटन किया था.पीएम मोदी के प्रस्तावित कर्नाटक दौरे की जानकारी केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने दी है. केंद्रीय मंत्री के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी 12 मार्च को मांड्या जिले के मद्दुर में कार्यक्रमों में भाग



लेने के लिए कर्नाटक जाएंगे. कार्यक्रम समाप्त होने के बाद दोपहर 2 बजे वह आईआईटी धारवाड़ का उद्घाटन करने के लिए हुबली पहुंचेंगे. इसके बाद एक विशाल जनसभा को भी संबोधित करेंगेचुनावी राज्य कर्नाटक में पीएम मोदी इस साल छठवीं बार जाने वाले हैं. इससे पहले वह 5 बार कर्नाटक का दौरा कर चुके हैं. इस दौरान उन्होंने कई रोड शो और सार्वजनिक रैलियों सहित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया है. उन्होंने सभी क्षेत्रों को कवर करते हुए राज्य के विभिन्न हिस्सों का भी दौरा किया है. पीएम मोदी के कर्नाटक दौरे पर कांग्रेस और जेडीएस अक्सर उनके निशाने पर रहते हैं. वह अक्सर दोनों पार्टियों के परिवारवाद पर हमला करते रहते हैं.अगले 2-3 महीने में होने वाले चुनाव से पहले पीएम मोदी का ये दौरा काफी अहम है. वोक्कालिगा समुदाय ओल्ड मैसूर क्षेत्र में अधिक सीटें जीतने पर ध्यान केंद्रित कर रही है, जिसका मांड्या प्रमुख हिस्सा है. बीजेपी को इस क्षेत्र में कमजोर माना जाता है. मोदी के सहारे पार्टी मांड्या क्षेत्र में अपनी पकड़ बनाने की कोशिश कर रही है.

## न्यूज ट्रैक

### समुद्र मंथन से निकली है गाय, केंद्र सरकार को घोषित करना चाहिए राष्ट्रीय पशु..., इलाहाबाद लखनऊ बेंच की टिप्पणी



इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने का सुझाव दिया है. कोर्ट ने कहा, गाय भारतीय संस्कृति का अहम हिस्सा है. इसलिए गायों की सुरक्षा को हिंदुओं के मौलिक अधिकार में शामिल किया जाना चाहिए.÷ कोर्ट ने कहा, ÷हमें आशा है कि केंद्र सरकार देश में गोहत्या पर प्रतिबंध लगाने और गायों को संरक्षित राष्ट्रीय पशु घोषित करने के लिए जल्द उचित फैसला लेगी.अदालत ने यह टिप्पणी गोहत्या के एक केस पर सुनवाई के दौरान की. न्यायमूर्ति शमीम अहमद ने 14 फरवरी को उत्तर प्रदेश गौहत्या निवारण अधिनियम 1955 के तहत एक व्यक्ति के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही को रद्द करने की याचिका को खारिज कर दिया. अदालत ने कहा, ÷हम एक धर्मनिरपेक्ष देश में रहते हैं और सभी धर्मों का सम्मान होना चाहिए.÷जस्टिस शमीम अहमद ने कहा, ÷हिंदू धर्म में यह मान्यता है कि गाय दैवीय और प्राकृतिक उपकार की प्रतिनिधि है, इसलिए इसकी रक्षा और सम्मान किया जाना चाहिए.÷ बता दें कि याचिकाकर्ता बाराबंकी निवासी मोहम्मद अब्दुल खालिक ने अपनी याचिका में दलील दी थी कि पुलिस ने बिना किसी सबूत के उन पर मामला दर्ज किया है. इसलिए उनके खिलाफ अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में चल रही कार्यवाही को रद्द किया जाना चाहिए. इस याचिका को खारिज करते हुए पीठ ने कहा, ÷रिकॉर्ड पर मौजूद तथ्यों से याचिकाकर्ता के खिलाफ प्रथम दृष्टया मामला बनता है.÷ इस मामले में न्यायमूर्ति शमीम अहमद ने कहा, ÷हिंदू धर्म में गाय को दैवीय उपहार बताया गया है. किंवदंती के अनुसार, गाय की उत्पत्ति देवताओं और दानवों के बीच हुए समुद्र मंथन से हुई है. उस समय इसे सप्त ऋषियों में से एक वशिष्ठ ऋषि को सौंपा गया था.÷ जस्टिस ने आगे कहा, ÷गाय को विभिन्न देवताओं से भी जोड़ा गया है. विशेष रूप से भगवान शिव, जिनकी सवारी नंदी एक बैल है. भगवान इंद्र की निकटता कामधेनु से है. भगवान कृष्ण अपनी युवावस्था में गाय चराते थे.÷न्यायाधीश शमीम अहमद ने कहा, गाय के पैरों को चार वेदों का प्रतीक माना जाता है. उसके दूध में चार पुरुषार्थ (धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष) का मिश्रण होता है. वैदिक काल से ही गाय की पूजा की जा रही है. गाय की महत्ता का जिक्र महाभारत और वेदों में भी है. भगवान राम को भी कई गायों का उपहार मिला था. उन्होंने कहा, ÷जो कोई भी गायों को मारता है या दूसरों को उन्हें मारने की अनुमति देता है, उसे कई वर्षों तक नरक भोगना पड़ता है.

### मेरी चप्पल स्टंट नहीं है. ये मुझे जड़ों से जोड़ती है क्या प्रतिमा भौमिक बनेंगी त्रिपुरा की पहली महिला सीएम?



त्रिपुरा में पूर्ण बहुमत हासिल करने के बाद बीजेपी ने अब तक अपने मुख्यमंत्री पद के लिए चेहरे की घोषणा नहीं की है. राजनीति के गलियारों में सीएम फेस के लिए जिन नामों की चर्चा हो रही है उनमें सबसे ऊपर नाम केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री प्रतिमा भौमिक का है. 3,500 वोटों से मिली धनपुर से जीत-भौमिक को धनपुर सीट से 42.25 फीसदी वोट शेयर के साथ कुल 19,148 वोटों मिले हैं. उन्होंने 1998 और 2018 में भी धनपुर सीट से विधानसभा चुनाव लड़ा था, लेकिन दोनों बार हार गई थीं. हालांकि, इस बार, वह सीपीआई-एम के कौशिक चंदा को 3,500 वोटों के अंतर से हराकर धनपुर से जीतने में सफल रहीं. भौमिक को लोग दीदी बुलाते हैं-प्रतिमा भौमिक को त्रिपुरा में लोग दीदी बुलाते हैं. वो राज्य में अपनी साड़ी और चप्पल के लिए चर्चित हैं. भौमिक ने अपनी हवाई चप्पल के बारे में बताया, ÷हवाई चप्पल कोई स्टंट नहीं है और न ही मैंने इसे किसी से कॉपी किया है. मेरे पास मेरी पहली हवाई चप्पल थी जब मुझे कक्षा 9 में पदोन्नत किया गया था. चप्पल आरामदायक और सस्ती है. हम किसान हैं और मैं तीन भाई-बहनों में सबसे बड़ी हूं. चप्पल मुझे जड़ों से जोड़े रखती है. हां, असम से बीजेपी सांसद क्वीन ओझा मेरे लिए मां समान हैं और वह मुझे महंगी-महंगी साड़ियां गिफ्ट करती रहती हैं, लेकिन मैं सिंपल कॉटन वाली साड़ियां पसंद करती हूं. मैं यही हूं.त्रिपुरा में बीजेपी ने जीत मौजूदा सीएम माणिक साहा के नेतृत्व में हासिल की है. हालांकि, सिसायी गलियारों में चर्चा है कि त्रिपुरा को इस बार पहली महिला मुख्यमंत्री मिल सकती है. सूत्रों के मुताबिक, केंद्रीय अधिकारिता और सामाजिक न्याय राज्य मंत्री प्रतिमा भौमिक का नाम मुख्यमंत्री रेस में सबसे आगे है.

### 5 महीने में तीसरा पेशाबकांड! अमेरिकन एयरलाइंस से पहले कब और कहां नशेड़ियों ने की ऐसी हरकत

फ्लाइट में बैठते ही जब शराब का दौर चलता है तो लोग हवा में उड़ने लगते हैं और बेकाबू हो जाते हैं. क्या कर रहे हैं, किस जगह बैठे हैं ये भी होश नहीं रहता. कुछ महीनों पहले पेशाब कांड की गूंज देश भर में सुनाई दी थी. ये मामला अभी थमा भी नहीं था कि इसी तरह का एक और केस सामने आ गया. दरअसल, अमेरिका से उड़ान भरके दिल्ली आ रही फ्लाइट में नशे में धुत एक यात्री ने अपने सह-यात्री पर पेशाब कर दी.टाइम्स ऑफ इंडिया के मुताबिक, अमेरिकन एयरलाइन्स से न्यू यॉर्क से दिल्ली आ रहे एक यात्री पर सहयात्री पर पेशाब करने का आरोप लगा है. शनिवार रात को दिल्ली में फ्लाइट लैंड करने के बाद इस यात्री को सुरक्षा एजेंसियों के हवाले कर दिया गया. पिछले 5 महीनों में इस तरह का ये तीसरा केस है. पहला केस एयर इंडिया फ्लाइट का आया था, जिसमें एक यात्री ने नशे की हालत में एक महिला पर पेशाब कर दिया था और उसे जेल की हवा खानी पड़ी थी.ताजा मामले में ये यात्री भारत का ही रहने वाला है और अमेरिका में पढ़ाई करता है. न्यू यॉर्क से दिल्ली आ रहा ये यात्री नशे में तो था ही, साथ ही नींद में भी था. यात्री ने क्रू मेम्बर से अपनी शिकायत में कहा कि जब वो पेशाब कर रहा था तब वो नींद में था. जब उसे एहसास हुआ कि उसने क्या कर दिया है

## बीजेपी और कांग्रेस ने राज्य को लूटा, प्रदेश में आज हर तरह के माफिया, रायपुर में बोले अरविंद केजरीवाल



अरविंद केजरीवाल ने आगे कहा कि मनीष सिसोदिया जैसे एक साधु आदमी को इन लोगों ने जेल में डाल दिया. 5 साल के भीतर मनीष सिसोदिया ने दिल्ली के सरकारी स्कूलों में सुधार किया और इसलिए उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया. 40त्न कमीशन वालों को जेल में नहीं डालेंगे. मोदी जी का एक मुंहबोला भाई है. जंगल भी अडानी को दिया जा रहा है. दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि रमन सिंह की सरकार के समय भ्रष्टाचार होता था. प्रदेश में हर तरह के माफिया हैं. हमें प्रदेश में एक मौका दो, हम माफिया खत्म कर देंगे. अगर आपको 0त्न कमीशन की सरकार चाहिए तो आप को लाइये. दिल्ली में हमारी सरकार ने 5 साल में शानदार स्कूल बनाएं हआम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल इस साल के अंत में होने वाले छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए आप की तैयारियों को बढ़ावा देने के लिए रायपुर के एक दिवसीय दौरे पर रहे. आप ने 2018 में छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में पहली बार अपनी किस्मत आजमाई थी और 90 में से 85 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे, लेकिन सफलता नहीं मिली थी. शनिवार को आप ने मध्य प्रदेश की सभी 230 सीटों पर चुनाव लड़ने की भी घोषणा की, जहां इस साल के अंत में चुनाव होने हैं. दिल्ली के मंत्री और पार्टी के राज्य चुनाव प्रभारी गोपाल राय ने शनिवार को कहा था

## भगोड़े नित्यानंद का 'कैलासा' दे रहा है फ्री में नागरिकता, सोशल मीडिया पर हो रहा प्रचार



अपहरण और बलात्कार का आरोपी नित्यानंद देश से फरार चल रहा है और उसने कथित तौर पर अपना देश यूनाइडेट स्टेट्स कैलासा बना लिया है. अब खबर है कि वो इसकी नागरिकता दे रहा है और सोशल मीडिया पर प्रचार भी कर रहा है. ट्विटर पर पोस्ट शेयर करके लोगों से नागरिकता लेने की अपील की जा रही है.इस पोस्ट में लिखा गया है कि अगर आप हिंदू धर्म का पालन करते हैं और हिंदू विचारधारा वाले ग्रुप से जुड़ना चाहते हैं तो फ्री में कैलासा की ई-नागरिकता ले सकते हैं.

## बाल-विवाह में कमी, बेटियों का ड्रॉप आउट और शिशु मृत्यु दर भी घटा, महिला दिवस से पहले जारी हुए अपराध और नौकरी के आंकड़े

हर साल 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है. इससे पहले मध्य प्रदेश सरकार ने महिला सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए आंकड़े जारी किए हैं. राज्य सरकार का कहना है कि कांग्रेस के राज में बेटियां बोझ थीं और लिंगानुपात बदतर था. महिलाओं के खिलाफ अपराध चरम पर थे. कार्रवाई नहीं होने से अपराधियों के हौसले बुलंद थे. अब बेटी की स्कूली शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक कई योजनाएं लाई गई हैं. महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत करने और उन्हें सशक्त बनाने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश सरकार की तरफ से लाडली बहना योजना 2023 लागू की गई. राज्य सरकार का कहना है कि बाल-विवाह की दर 57 प्रतिशत से अधिक थी. महिलाएं न तो घर से निकलती थीं और न चुनाव लड़ती थीं. अब महिलाओं के विवाह के लिए मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह और कल्याणी विवाह जैसी योजनाएं लाई गईं. महिलाओं को स्थानीय निकाय चुनाव और शिक्षक भर्ती में 50 प्रतिशत, पुलिस की नौकरियों में 30 प्रतिशत और अन्य भर्तियों में 33 प्रतिशत आरक्षण मिला. इस बार स्थानीय निकाय चुनावों में स्वयं-सहायता समूहों की 17 हजार से अधिक महिलाएं चुनाव जीतीं. जहां पहले महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण को दरकिनार किया जाता था, वहीं अब इसके लिए जननी सुरक्षा, जननी एक्सप्रेस, प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना,



आहार अनुदान योजनाएं एक्टिव हैं. वहीं, महिला अपराध नियंत्रण करने के लिए महिला थाने, ऊर्जा महिला डेस्क, ऑपरेशन मुस्कान, पंख अभियान, गौरवी सेंटर बनाए गए. महिलाओं के खिलाफ अपराधों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति से हर जिले में एक महिला थाने की स्थापना की गई. **लाडली लक्ष्मी योजना**-राज्य सरकार का कहना है कि लाडली लक्ष्मी परिवार का दायरा अब 43 लाख 19 हजार से ज्यादा हो गया है. अब तक 9 लाख 20 हजार से अधिक लाडली बेटियों को 2.32 करोड़ रुपये से अधिक की छात्रवृत्ति दी जा चुकी है. सरकार का दावा है कि साल 2006-07 में जन्म के समय 1000 बेटों पर केवल 911 बेटियां जन्म लेती थीं. आज 956 बेटियां जन्म ले रही हैं. इससे लिंगानुपात बढ़कर 948 प्रति हजार से 970 प्रति हजार हो गया है

## शरद पवार के इन शातिर दांवों को राजनीति विज्ञान के विद्वान भी न समझ पाए

नवंबर, 2019 की सुबह सात बजे, महाराष्ट्र के राजभवन में शपथ ग्रहण समारोह हुआ और किसी को इस बात की कानों कान खबर नहीं हुई. शपथ लेने वालों में बीजेपी के देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार शामिल थे. इस बड़े उलटफेर के बाद सभी को लगा कि एनसीपी ने बीजेपी के साथ मिलकर महाराष्ट्र में सरकार बना ली है. लेकिन कोई नहीं जानता था कि राजनीति के धुरंधर शरद पवार के एक इशारे से पूरी बाजी ही पलट जाएगी.हाल ही में महाराष्ट्र बीजेपी के कद्दावर नेता देवेंद्र फडणवीस ने अपने एक बयान में खुलासा किया कि इस पूरे खेल की स्क्रिप्ट राजनीति के चाणक्य और एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार ने लिखी थी.उन्होंने बताया कि साल 2019 में महाराष्ट्र में एनसीपी चीफ शरद पवार के भतीजे अजित पवार की बगावत, उनका देवेंद्र फडणवीस के साथ मिलकर सरकार बनाना, खुद उपमुख्यमंत्री और फडणवीस को मुख्यमंत्री बनना, फिर इस्तीफा देना और उद्धव ठाकरे का मुख्यमंत्री बनाना, सब कुछ स्क्रिप्टेड था.एनसीपी चीफ शरद पवार ने फडणवीस के इस दावे पर कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने उनके भतीजे और एनसीपी के नेता अजित पवार के साथ सरकार बनाई थी. इसका फायदा ये हुआ की इस फैसले से साल 2019 में महाराष्ट्र में राष्ट्रपति शासन खत्म हो गया. साल 2019 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने 105 सीटों पर जीत दर्ज



की थी, इस चुनाव के नतीजे 24 अक्टूबर, 2019 को घोषित किए गए थे. वहीं बीजेपी के साथ गठबंधन में रही शिवसेना ने 56 सीट अपने नाम किया था. उस वक्त बीजेपी और शिवसेना की गठबंधन के पास सरकार बनाने के लिए पर्याप्त सीट थे लेकिन इसके बाद भी दोनों सहयोगी दलों के बीच मुख्यमंत्री का पद किसे मिलेगा इस पर विवाद शुरू हो गया. इस विवाद के परिणामस्वरूप शिवसेना ने कांग्रेस और राकांपा के साथ मिलकर सरकार बनाने के लिए बातचीत शुरू कर दी. वहीं राज्य का सीएम कौन बनेगा इसपर कोई नतीजा नहीं निकलने पर राज्यपाल ने चुनाव परिणाम आने के 19वें दिन राष्ट्रपति शासन की सिफारिश कर दी और केंद्र सरकार ने 12 नवंबर को राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया.किसी भी राज्य में राष्ट्रपति शासन लग जाने से वह कितना लंबा खिंच सकता है.

## शियानेट न्यूज चैनल में पुलिस की छापेमारी, इस आरोप में लिया गया एक्शन

एचटी की खबर के मुताबिक, पुलिस ने बताया कि सीपीआई-एम समर्थिक विधायक पीवी अनवर ने चैनल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी. अनवर ने शुक्रवार (3 मार्च) को राज्य विधानसभा में भी मामले को उठाया था और मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने कार्रवाई का आश्वासन दिया था. समाचार चैनल की ओर से कहा गया कि पुलिस ने छापेमारी के दौरान कंप्यूटरों की जांच की और कर्मचारियों के पते और फोन नंबर एकत्र किए. चैनल ने कहा कि हालांकि, काम में बाधा आई लेकिन पुलिस के साथ पूरा सहयोग किया गया.वहीं, चैनल के प्रवक्ता ने कहा, चैनल को डराने की कोशिश सफल नहीं होगी और पुलिस के कदम के खिलाफ अदालत का दरवाजा खटखटाया जाएगा. केरल में विपक्षी दलों ने पुलिस के कदम की आलोचना की है।

## कर्नाटक में बीजेपी के लिए येदियुरप्पा फैक्टर, पीएम की रैलियों से लेकर पोस्टर में मिली जगह



कर्नाटक विधानसभा के चुनाव इसी साल मई में होने हैं. चुनाव को देखते हुए कांग्रेस और बीजेपी ने अपनी कमर कस ली है. जहां कांग्रेस की तरफ से पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और प्रदेश अध्यक्ष डीके शिवकुमार कमान संभाले हुए हैं, तो वहीं बीजेपी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कद्दावर नेता बीएस येदियुरप्पा पर आश्रित हो गई हैबीजेपी का केंद्रीय नेतृत्व चाहता है कि बीएस येदियुरप्पा आगामी विधानसभा चुनाव में केंद्रीय भूमिका में रहें, लेकिन पिछले ही दिनों अस्सी वर्षीय येदियुरप्पा ने चुनावी राजनीति से संन्यास की घोषणा कर दी है. बीएस येदियुरप्पा कर्नाटक में बीजेपी की मजबूरी भी हैं क्योंकि प्रदेश में पार्टी को जमीनी स्तर से खड़ा करने के साथ ही वो चार बार मुख्यमंत्री रह चुके हैं.येदियुरप्पा कर्नाटक विधानसभा के दशकों तक सदस्य रहे हैं. येदियुरप्पा की कर्नाटक के लोगों, खासकर प्रभावशाली लिंगायत समुदाय, के बीच पकड़ है. यही वजह है कि बीजेपी का केंद्री नेतृत्व चाह कर भी येदियुरप्पा को नजरअंदाज नहीं कर सकती है. पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा ने कर्नाटक विधानसभा में अपना विदाई भाषण देते हुए कहा था कि वह अपनी अंतिम सांस तक ईमानदारी से पार्टी को खड़ा करने और उसे सत्ता में लाने का प्रयास करेंगे. उन्होंने कहा कि उनके घर बैठने का कोई सवाल ही नहीं है, वह राज्य का दौरा करेंगे और पार्टी और उसके उम्मीदवारों के लिए प्रचार करेंगे. इसके अलावा कर्नाटक में बीजेपी येदियुरप्पा फैक्टर को नकार नहीं रही है,

## नेता-मंत्री भूले यूएनआई के आनंद जी को, कहां मिलने को तरसते थे

**ग्वालियर।** ग्वालियर के दो वरिष्ठ पत्रकार इन दिनों बेहद बीमार है और लगभग दो-तीन वर्ष से उनकी इलाज में आर्थिक स्थिति भी जर्जर हो गई है, लेकिन इस बेदर्द शहर के नेताओं, मंत्रियों और विधायकों को

### प्रेस क्लब द्वारा आनंद जी व रामकिशोर की सहायता की पहल

उनकी सुध ही नहीं हैं। जब यह पत्रकार अपने लेखनी के वैभव पर थे और उनकी खबरों की तूती बोला करती थी तब आज के मंत्री, सांसद, विधायक, नेता उनके दरवाजे पर उनसे मिलने को आतुर रहते थे। लेकिन बड़े खेद की बात यह है कि इन नेताओं, मंत्रियों ने उनकी मदद तो दूर उनके हालचाल जानने से भी परहेज कर रखा है। यह पत्रकार है यूएनआई, पीटीआई के पूर्व ब्यूरो चीफ अवध आनंद व वरिष्ठ पत्रकार रामकिशोर अग्रवाल। दोनों की बीमारी से बुरी तरह रही सही आर्थिक स्थिति खराब हो चली हैं, लेकिन इस बेदर्द शहर के नेता अनभिज्ञ बने हुये हैं। मुख्यमंत्री




शिवराज सिंह तक को भनक नहीं हैं, जो कभी आनंद जी से मुलाकात को आतुर रहते थे। इसके अलावा बड़े केन्द्रीय मंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री सहित अन्य प्रदेश के मंत्री भी उनको भुलाये बैठे हैं, जो आनंद जी से मिलने उनके गांधी रोड बंगले में सत्ता के संघर्ष के दिनों में बैठे रहते थे। वह तो भला हो ग्वालियर प्रेस क्लब का जिन्होंने अपने संसाधनों से गत दिवस दोनों पत्रकारों की मदद की सराहनीय पहल की है। ग्वालियर प्रेस क्लब ने अब पत्रकारों के इलाज के लिए उनके परिवार को आर्थिक मदद की मुहिम शुरू की है। शनिवार को ग्वालियर प्रेस क्लब की अनुकरणीय पहल पर गंभीर रूप से बीमार पत्रकारों के इलाज के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया। प्रेस क्लब को पिछले दिनों यह जानकारी मिली थी कि वरिष्ठ पत्रकार अवध आनंद और राम किशोर अग्रवाल के गंभीर रूप से बीमार है, तब प्रेस क्लब अध्यक्ष राजेश शर्मा ने बीते दिनों साधारण सभा की बैठक में पत्रकारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का प्रस्ताव रखा जिसे सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। शनिवार को दोनों पत्रकारों को बेहतर इलाज के लिए ग्वालियर प्रेस क्लब कोष से बीस-बीस हजार रुपए की आर्थिक मदद का चेक पत्रकारों के परिजन को सौंपा। प्रेस क्लब सचिव सुरेश शर्मा ने बताया कि दोनों पत्रकारों के निवास पर पहुंचकर पत्रकारों के स्वास्थ की जानकारी लेकर जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हुए शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रेस क्लब अध्यक्ष राजेश शर्मा, उपाध्यक्ष प्रदीप तोमर, स्टेट प्रेस क्लब प्रदेश महासचिव गुरु शरण सिंह, वरिष्ठ पत्रकार रविंद्र झारखरिया, मध्यप्रदेश पत्रकार संघ के संभागीय अध्यक्ष ब्रजमोहन शर्मा, दिनेश राव, फोटो जर्नलिस्ट प्रकोष्ठ अध्यक्ष राजेश जायसवाल विशेष रूप से मौजूद थे।



## शिवपुरी पुलिस की कार्यवाही पुलिस थाना अमोला द्वारा डकैती की योजना बनाते पकड़े हथियार बंद तीन बदमाश

# पुलिस द्वारा पूंछताछ पर हुआ कई चोरियों का खुलासा, चोरी का माल किया बरामद

**जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री राजेश सिंह चन्देल द्वारा अपराधों के निकाल हेतु एवं चोरी के प्रकरणों मे आरोपियों की गिरफ्तार व माल की बरामदगी हेतु लगातार निर्देशित किया जा रहा था, जिसके तारतम्य मे पुलिस थाना अमोला द्वारा डकैती की योजना बनाते हुये तीन लोगों को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई तो कई तो आरोपियों द्वारा कई चोरी की बारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया । अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण कुमार भूरिया, एसडीओपी करैरा श्री संजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अमोला संतोष भार्गव द्वारा मुखबिर सूचना पर से डकैती की घटना को रोकते हुये तीन लोगों को गिरफ्तार किया है । दिनांक 03.03.23 को थाना प्रभारी अमोला उनि. संतोष भार्गव को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की सिध्दबाबा पहाड़िया के जंगल ग्राम घसारही में कुछ हथियारबंद बदमाशों द्वारा पैट्रोल पंप पर डकैती डालने की योजना बनाने की सूचना प्राप्त हुई जिसपर तुरंत कार्यवाही करते हुये वरिष्ठ अधिकारियों मार्गदर्शन मे थाना अमोला एवं थाना करैरा के पुलिस फोर्स की तीन टीमें गठित की जाकर सिध्दबाबा जंगल पहाडी के पास दबिश दी गई तो पाँच हथियारबंद बदमाश मिले जो



पुलिस को आता देख भागने का प्रयास करने लगे जिन्हें पुलिस टीम की मदद से पकड़ कर पूछताछ की गयी तो आरोपियों द्वारा श्रीराम फिलिंग स्टेशन ग्राम सलैया पर डकैती की योजना बनाना पाया गया, बाद बदमाशों की घेराबंदी कर तीन बदमाशों को पकडा गया एवं दो बदमाश रात्रि में अंधेरे एवं जंगल झागियों का फायदा उठाकर भाग गये । पकडे गये बदमाशों से एक 315 बोर का कट्टा मय राउण्ड, एक 12 बोर की अधिया मय राउण्ड व एक धारदार छुरा जप्त किये जाकर थाना अमोला पर अप0 क्र0 39/2023 धारा 399,400,402 भा0द0वि0, 11/13 एमपीडीपीके एक्ट, 25/27 आर्म्स एक्ट, 25-बी आर्म्स एक्ट का पंजीबद्द किया गया । पकडे गये बदमाशों को थाना लाकर पूंछताछ की गई तो उनके द्वारा अमोला, करैरा, भौंती, नरवर, सीहोर व कोलारस में चोरी करना स्वीकार किया । जिनसे सोने चाँदी के आभूषण, नगदी रूपया व घटना मे प्रयुक्त अपाचे मोटर साईकिल बरामद की गई है।

उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी अमोला संतोष भार्गव, थाना प्रभारी करैरा निरी. सतीश चौहान, थाना प्रभारी रन्नौद अमित चतुर्वेदी, थाना प्रभारी बामोरकला पुनीत वाजपेयी, सउनि विवेक भट्ट, सउनि हरीश सोलंकी, सउनि पीएल पाण्डे, सउनि जयनारायण, प्र0आर0 प्रहलाद यादव, प्र0आर0 भीकम सिंह, प्र0आर0 राकेश सेंगर, प्र0आर0 विकाश चौहान सायवर शिवपुरी, प्र0आर0 देवेन्द्र सायवर शिवपुरी , आर0 संदीप राठौर, आर0 सुनील धाकड, आर0 संजीव श्रीवास्तव, आर0 संजीव नगाईच, आर0 नागेन्द्र जाट,आर0 दामोदर भार्गव,आर0 प्रमोद कुशवाह , आर0 नीतेन्द्र सिंह, आर0 शिवम, आर0 गजेन्द शर्मा, आर0 देवेश तोमर, सैनिक जितेन्द्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही है ।

# नगर परिषद रन्नौद के वार्ड क्रमांक 05 के मतदाताओं में खुशी की लहर

## वार्ड क्रमांक 05 के पार्षद पुत्र दिलावर हसन ने कारीगर व मजदूरों का कार्य पूर्ण होने पर किया सम्मान

**संवाददाता प्रदीप जैन रन्नौद**

आज वार्ड क्रमांक 05 में पेवर ब्लॉक रोड का कार्य पूर्ण हो गया है आज सभी बेलदार और कारीगरों का तोलिया और नरियल देकर सम्मानित करके विदा किया चुनाव से पहले जनता जनार्दन से किया हुआ सड़क पानी बिजली का वादा पूरा हुआ अभी और भी काम बांकी है जो आगामी समय में कराए जाएंगे वार्ड में मेरा लक्ष्य है की( पी .एम )आवास का लाभ हर उस गरीब व्यक्ति को मिले जिसके पास रहने को अपना खुद का घर नहीं है।

# नगर परिषद रन्नौद में सीएमओ की लापरवाई लाडली बहना योजना कार्यक्रम की जानकारी नहीं दी गई पार्षदों को

**संवाददाता प्रदीप जैन रन्नौद**

मध्यप्रदेश सरकार की योजना लाड़ली बहना योजना जो की पांच



मार्च को माननीय मुख्यमंत्री जी के द्वारा लॉन्च की गई जिसमें सभी विभागों को सरकारी कार्यालयों में कार्यक्रम का आयोजन करना था जिसमें महिला बालविकास से जुडे सभी सहयोगी संस्था आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका आशा कार्यकर्ता नगर परिषद् में सभी पार्षद एवम तहसीलदार महोदय एवम अन्य विभागों के माध्यम से महिलाओं को कार्यक्रम में



बुलाकर विधि विधान से कार्यक्रम आयोजित होना था लेकिन दुर्भाग्य की बात है की नगर परिषद् रन्नौद में कोई इस तरह का आयोजन करना उचित नहीं समझा सीएमओ महोदय ने ना ही पार्षदों को सूचना दी जबकि नगर परिषद् रन्नौद में महिला पार्षद भी हैं और योजना भी महिलाओं के लिए बनी है आखिर क्या बात है की अधिकारी साशन योजनाओं को धरातल पर आने से पहले ही उन मैं लापरवाही क्यों कर रहे हैं ये समझ से परे है।

# मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना का शुभारंभ

## महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाएगी लाड़ली बहना योजनाः राज्यमंत्री दर्जा प्रहलादभारती

**जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना**



शिवपुरी। प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा आज रविवार को प्रदेश में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का शुभारंभ किया। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाएगी लाड़ली बहना योजना। इस योजना से महिलाएं स्वावलंबी बनेगी और परिवार में उनका मान सम्मान बढ़ेगा। उक्त उद्गार आज मानस भवन शिवपुरी में आयोजित जिला स्तरीय मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। इस मौके पर राज्यमंत्री दर्जा प्रहलाद भारती, राज्यमंत्री दर्जा रमेश खटीक, नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा, जिलाध्यक्ष राजू बाथम, अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी, अन्य अधिकारी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकगण उपस्थित थे। इस अवसर पर भोपाल के जंबूरी मैदान से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में आयोजित राज्य स?तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया, जिसे उपस्थित अतिथियों एवं जन समुदाय ने देखा और सुना। प्रारंभ में मंचासीन उपस्थित अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। राज्यमंत्री दर्जा प्रहलाद भारती ने कहा कि प्रदेश सरकार का यह प्रयास है कि कोई भी महिला इस योजना के लाभ से वंचित ना रहे। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत गांव-गांव और शहरी क्षेत्र के वार्डों में शिविर आयोजित कर, महिलाओं के फॉर्म भरवाए जाएंगे। महिलाएं जागरूक होकर इस योजना का लाभ लेने के लिए आगे आए और अन्य पात्र महिलाओं को भी इसके लिए प्रेरित करें। नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा ने कहा कि लाड़ली बहना योजना के तहत सरकार द्वारा प्रत्येक पात्र महिला के खाते में एक हजार रूपये हर माह भुगतान किया जाएगा। इससे महिलाओं की अपने परिवार पर निर्भरता दूर होगी और वह अपनी आर्थिक जरूरतों को पूरा कर सकेगी। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का लाभ लेने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया और उन्होंने योजना की पात्रता के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम को भाजपा जिला अध्यक्ष राजू बाथम द्वारा भी संबोधित किया गया।

# खनियाधाना पुलिस ने पकड़ा 400 ग्राम सूखा गांजा मुकदमा दर्ज

**जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना**

खनियाधाना, पुलिस अधीक्षक शिवपुरी राजेश सिंह चंदेल द्वारा अवैध मादक पदार्थ बेचने एवं रखने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया था उक्त आदेश के पालन में अति. पुलिस



अधीक्षक जिला शिवपुरी प्रवीण कुमार भूरिया के निर्देशन में एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में अवैध मादक पदार्थ एवं बेचने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए उक्त निर्देश के पालन में दिनांक 04/03/23 की साम मे खनियाधाना पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि मान सिंह यादव पुत्र मोहन लाल यादव उम्र 70 वर्ष निवासी जालमपुरा खनियाधाना अस्पताल के सामने अवैध मादक पदार्थ गांजा बेचने के लिए खड़ा उक्त सूचना पर मय फोर्स के मुखबिर के बताए स्थान पर दबिश दी गई तो आरोपी के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ 400 ग्राम गांजा मिला जिसकी अंतर्राष्ट्रीय कीमत 20000 रुपए है जिसे आरोपी के कब्जे से जप्त कर आरोपी मान सिंह के विरुद्ध अप. क्र.109/2023 धारा 08/20 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबद्ध किया गया है इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही निरीक्षक सुरेश, उनि. अशोक बाबू शर्मा, प्रकाश गौरव, जय वीर, हेमंत सिंह, बलराम, बनवारी, वीरेंद्र चौहान, धर्मेंद्र किरार।

# देवभोग में संपन्न होगा भाजपा का बूथ सशक्तिकरण प्रशिक्षण, शामिल होंगे अशोक बजाज

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

गोहरापदर भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार विधानसभा बिन्द्रानवागढ़ का



बूथ सशक्तिकरण अभियान कार्यशाला आज देवभोग के भाजपा कार्यालय में संपन्न होगी.जिसकी जानकारी गोहरापदर भाजपा मंडल अध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी ने दीं। उन्होंने बताया कि प्रदेश संगठन ने आने वाले 17 मार्च से 26 मार्च तक बूथ सशक्तिकरण का कार्यक्रम निर्धारित किया है।जिसे लेकर विधानसभा स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।यह एक दिवसीय कार्यशाला देवभोग के भाजपा कार्यालय में दोपहर 1 बजे प्रारंभ होगी। भाजपा के सहकारिता प्रकोष्ठ पुर्व प्रदेशाध्यक्ष दिग्गज नेता अशोक बजाज सभी कार्यकर्ताओं को आगामी बूथ सशक्तिकरण अभियान के लिए प्रशिक्षण देंगे. जिसमें विधानसभा प्रभारी महेंद्र पंडित,क्षेत्रीय विधायक डमरुधर पुजारी,पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन सिंह माँझी विशेष रुप से उपस्थिति रहेंगे।इस कार्यशाला में बिंद्रानवागढ़ विधानसभा के 6 मंडलो के सैकड़ों भाजपा पदाधिकारी एवं बूथ स्तर के कार्यकर्ता सम्मिलित होंगे। भाजपा मंडल अध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी ने सभी कार्यकर्ताओं से कार्यशाला में सम्मिलित होने की अपील की।

# थाना कोतवाली पुलिस की कार्रवाई 18 मोटरसाइकिल व 5 मोटरसाइकिल के इंजन किए बरामद

**राकेश परिहार रिपोर्टर पिछोर,**

शिवपुरी ,पुलिस अधीक्षक शिवपुरी राजेश सिंह चंदेल ने अधीनस्थ अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश दिए इसी तारतम्य में अति. पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार भूरिया एवं एसडीओपी शिवपुरी अजय भार्गव ने थाना प्रभारी कोतवाली को पतासाजी करने के लिए निर्देशित किया पतारसी के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि शहर में हो रही मोटरसाइकिल चोरी में मैनेनिक का हाथ है जो चोरी की गई मोटरसाइकिलो के कलपुर्जे इंजन दूसरी गाड़ियों में लगाकर बेच रहा है सूचना की तस्दीक करने पर पुलिस ने इसे सही पाया एवं संबंधित मोटर साइकल मैकेनिक के अलावा उसके सहयोगी मोटर साइकिल चोर



तीन युवकों तलाश या जा रहा है घटनाक्रम के दौरान इस बात का भी पता चला कि शहर की मोटर साइकिलो को चोरी करके शहर की आसपास के ग्रामों में भी बेचा जा रहा है विगत समय चोरी गई 18 मोटरसाइकिल ले एवं 5 मोटरसाइकिल के इंजन बरामद कर लिए गए हैं वाहन चोरों से एव फरार सदस्य के मिलने पर और भी मोटरसाइकिल बरामद होने की उम्मीद है इस घटनाक्रम में थाना कोतवाली के थाना प्रभारी अमित सिंह भदोरिया, उपनिरीक्षक आदित्य राजावत, उपनि, सुमित शर्मा, दीपक पालिया, अमृतलाल, नरेश यादव, गणेश रावत, कुलदीप शर्मा, उदय सिंह गुर्जर, भूपेंद्र यादव, भोले सिंह राजावत, टिंकू सिंह, महेंद्र सिंह, शिवकुमार, राम जी पाराशर की सराहनीय भूमिका रही।

# तहसील पिछोर में महिला विधिक जागरूकता शिविर संपन्न

**राकेश परिहार रिपोटर पिछोर**

पिछोर। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला शिवपुरी के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश दीपक गुप्ता, जिला न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अर्चना सिंह के निर्देशानुसार तथा अध्यक्ष जिला न्यायाधीश आरएम भगवती पिछोर के मार्गदर्शन में आज रविवार को महिला विधिक जागरूकता शिविर कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय महिला सप्ताह के उपलक्ष में ग्राम चोमुहा के शासकीय मिडिल स्कूल तहसील पिछोर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 11:30 बजे अध्यक्ष जिला न्यायाधीश तहसील विधिक सेवा समिति पिछोर आरएम भगवती द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन कार्यक्रम के साथ किया गया। इसके पश्चात शिविर कार्यक्रम स्थल ग्राम चोमुहा के शासकीय मिडिल स्कूल में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अशोक एवं जामफल, शीशम के वृक्षों का रोपण किया गया। उक्त कार्यक्रम में तहसील पिछोर के अनुविभागीय अधिकारी बृजेंद्र सिंह यादव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पुष्पेंद्र व्यास, तहसीलदार अखिलेश शर्मा, महिला बाल विकास एवं परियोजना अधिकारी अरविंद तिवारी, स्वास्थ्य विभाग पिछोर के डॉक्टर रमाकांत, रिसोर्स पर्सन अधिवक्ता के एन नायक, अनुराग पुरोहित अधिवक्ता, विधिक सेवा कर्मचारी धर्मेंद्र राजोरिया, पैरा लीगल वालंटियर वर्षा शर्मा एवं ग्राम के सरपंच, सचिव पटवारी, शासकीय मिडिल स्कूल की प्राचार्य की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला सप्ताह के उपलक्ष में महिला बाल विकास अधिकारी पिछोर अरविंद तिवारी द्वारा महिला विधिक जागरूकता शिविर के माध्यम से मध्यप्रदेश शासन द्वारा महिला बाल विकास विभाग के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, लाडली लक्ष्मी



योजना,लाडली बहन योजना के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी ग्रामीण महिला जन हितग्राहियों को शिविर के माध्यम से दी गई। महिला विधिक जागरूकता शिविर कार्यक्रम के मॉड्यूल के अनुसार नियुक्त किए गए रिसोर्स पर्सन अधिवक्ता के एन नायक द्वारा मॉड्यूल के अनुसार कानूनी जानकारी में विवाह और तलाक, भरण-पोषण, महिलाओं का संपत्ति में अधिकार, घरेलू हिंसा, दहेज, मृत्यु एसिड हमला, अपहरण और बलात्कार, यौन उत्पीड़न पास्को आदि कानूनों के बारे में विस्तृत रूप से सामान्य चर्चा कर जानकारी शिविर कार्यक्रम में उपस्थित महिला जन हितग्राहियों को दी गई। इसके साथ-साथ सामान्य चर्चा के अंतर्गत कानून के संबंध में पूछे गए प्रश्नों का जवाब देकर जागरूक किया गया। इसके पश्चात रिसोर्स पर्सन दो अधिवक्ता अनुराग पुरोहित द्वारा निर्धारित मॉड्यूल के अनुसार महिला विधिक जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से श्रम कानून, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम, मातृत्व लाभ अधिनियम, कारखाना अधिनियम,समान पारिश्रमिक अधिनियम, प्रजनन स्वास्थ्य अधिकार, गर्भावस्था अधिनियम, पीएनडीटी अधिनियम के बारे में विस्तृत रूप से सामान्य चर्चा कर जानकारी शिविर कार्यक्रम में उपस्थित महिला जन हितग्राहियों को दी गई। इसके साथ-साथ सामान्य चर्चा के अंतर्गत कानूनों के संबंध में पूछे गए प्रश्नों का जवाब देकर जागरूक किया गया। अनुविभागीय अधिकारी बृजेंद्र सिंह यादव एसडीएम पिछोर के द्वारा मध्यप्रदेश शासन के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं में बेटी का भी संपत्ति में बराबर का अधिकार के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। इसके साथ-साथ दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना, बेटी को स्कूटी योजना के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी महिला विधिक जागरूकता शिविर कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण महिला जन हितग्राहियों को दी गई। शिविर कार्यक्रम के अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति पिछोर आरएम भगवती द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला सप्ताह के उपलक्ष में आयोजित महिला विधिक जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से मध्यप्रदेश शासन तथा विधिक सेवा में चल रही योजनाओं एवं कानूनी जानकारी में महिलाओं और लड़कियों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने के लिए दहेज प्रतिषेध अधिनियम, घरेलू हिंसा रोकथाम अधिनियम, पास्को अधिनियम एवं कार्यक्रम के रिसोर्स पर्सन अधिवक्ता द्वारा दी गई कानूनी जानकारी की समीक्षा कर उक्त सभी विषयों पर सामान्य चर्चा कर विस्तृत रूप से कानूनी जानकारी महिला जन हितग्राहियों को दी गई। इसके पश्चात महिला विधिक जागरूकता कार्यक्रम के मॉड्यूल के अनुसार महिला बाल विकास विभाग पिछोर के द्वारा लाडली लक्ष्मी योजना के प्रमाण पत्रों का वितरण भी शिविर के माध्यम से किया गया इसके साथ-साथ कार्यालय तहसील विधिक सेवा समिति पिछोर के द्वारा विधिक सेवा योजना कानूनी सहायता और आप, दांडिक न्याय प्रणाली के चरण के पेंपलेट्स का वितरण शिविर कार्यक्रम में उपस्थित पैरा लीगल वालंऐटियर श्रीमती वर्षा शर्मा द्वारा महिला जन हितग्राहियों को किया गया।

# शून्य, पाई और अनंत की गणितीय अवधारणाओं पर भारतीय गणितज्ञ रामानुजन का अविस्मरणीय योगदान

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

गरियाबंद। शासकीय राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजिम में अंकों के जादूगर दुनिया को अनंत का विज्ञान समझाने वाले गणितज्ञ रामानुजन के योगदान के अवसर पर प्रसिद्ध गणितज्ञ डॉ. गोविंद प्रसाद साहू सहायक प्राध्यापक गणित सेंटर फॉर बेसिक साइंस, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय का आधुनिक गणित की झलक विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना, छत्तीसगढ़ राजकीय गीत और द्वीप प्रज्वलन से हुआ। संस्था प्रमुख डॉ. सी. एल. देवांगन ने कहा कि मैं भी गणित का विद्यार्थी रहा और गणित का प्रोफेसर भी हूं। रामानुजन का गणित में अतुल्य योगदान है। उनकी प्रतिभा अद्भुत थी अंको को याद करने और गणितीय संक्रिया करने में रामानुजन माहिर थे। एमएससी के विद्यार्थी चंचल देवांगन, हिरेंद्र और लोमेश ने रामानुजन की जीवनी का वाचन करते हुए बताया कि रामानुजन दूरगामी सोच वाले व्यक्तित्व थे उनका जन्म 22 दिसंबर 1887 को हुआ था। कम उम्र से ही उन्होंने स्नातक स्तर में गणितीय प्रमेयो, समीकरणों को हल कर दिया था।

कार्यक्रम के संयोजक भौतिकी विभागाध्यक्ष डॉ. गोवर्धन यदु ने बताया कि यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद रायपुर छत्तीसगढ़ और भारतीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद नई दिल्ली, विज्ञान और तकनीकी मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित था। डॉ. यदु ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि तीन दिवसीय राष्ट्रीय गणित




दिवस में विभिन्न अंतर महाविद्यालयीन व विद्यालयीन प्रतियोगिता जैसे निबंध, रंगोली, प्रश्न मंच और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। गणितीय अवधारणाओं को दैनिक गतिविधियों से जोड़ना ही आज के दिनों में नये अविष्कारो व नवाचारों को बताता है। रामानुजन ने कई ऐसे समीकरण प्रतिपादित किए थे जिनका आज महत्व पता चल रहा है। डॉ. देवेंद्र देवांगन ने बताया कि गणित का उपयोग विज्ञान की सभी शाखाओं में व्यापक रूप से होता है। दैनिक जीवन में भी हम गणितीय संख्याओं का उपयोग बहुत अधिक करते हैं। कार्यक्रम के मुख्य लोकप्रिय व प्रसिद्ध गणितज्ञ डॉ. गोविंद प्रसाद साहू ने रामानुजन के अद्भुत, आश्चर्यचकित और अविस्मरणीय तथ्यों को विस्तार से बताया कि ब्लैक होल, अनंत संख्याओं के योग, पाई का मान ज्ञात करने में रामानुजन ने किस प्रकार अपना दिमाग लगाया जो कि एक अद्भुत रहस्यमई तथ्य व संकल्पना थी। उन्होंने बताया कि अनंत की अवधारणा केवल रामानुजन के पास ही थी। उन्होंने रामानुजन हार्डी नंबर 1729 व रामानुजन मैजिक बॉक्स के बारे में भी बताया। डॉ. साहू ने हिलबर्ट होटल का वीडियो दिखाकर अनंत की अवधारणा को स्पष्ट किया साथ ही रामानुजन के अवधारणा को गणितज्ञ क्रेटर, हिलबर्ट ने कैसे वास्तविक रूप दिया इसका भी वर्णन किया। विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों वह शंकाओं को भी डॉ. साहू ने सहज तरीके से समझाने का प्रयास किया। कार्यक्रम में विजयी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट और पुरस्कार वितरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन राजश्री देवांगन एमएससी चतुर्थ सेमेस्टर ने किया और आभार प्रदर्शन डॉ. देवेंद्र देवांगन सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र ने किया।



# रानी दुर्गावती चौक का भूमि पूजन किया गया

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

छुरा। नगर के गोड़वाना वीरांगना रानी दुर्गावती चौक का भूमि पूजन बस स्टैंण्ड तिराहा चोंक पर आदिवासी समाज द्वारा बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ गोंडी धर्म संस्कृति संरक्षण एवं आदिवासी समाज के तत्वधान में किया गया सर्वप्रथम विरागना रानी दुर्गावती के छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर एवं भूमि पूजन किया गया।कार्यक्रम में प्रमुख रुप से तिरुमाल राजा ओंकार शाह केंद्रीय अध्यक्ष अमात गोड़ समाज, खोमन चंद्राकर नगर पंचायत अध्यक्ष छुरा,केशरी ध्रुव जिला पंचायत सदस्य,पुरन सिंह ठाकुर जिला अध्यक्ष,शिव दर्शन ठाकुर राज अध्यक्ष,उमेंन्द्र सिंग सोरी,भगवान सिंह ध्रुव, कौशल सिंग ठाकुर सरपंच,पुनिताराम ठाकुर,भारत ध्रुव, सुभेराम ठाकुर, खेदूराम नेताम, रामलाल, कौशिल्या ठाकुर, देश बाई ध्रुव, रतनी बाई, कुमारी बाई, रुखमणी बाई, खेलावन कुंजाम, पुरनमल ध्रुव, जागेश्वर ध्रुव ठाकुर, टेशु नेताम, वंशी ओटी, केदार मरकाम, मुकेश ध्रुव, दिलेश नेताम, बहुर सिंह, त्रिलोक ध्रुव, भारत ध्रुव, सेवक ओटी, तुमलेश नेताम, बृज नेताम, नेदकुमार, पिलेश्वर , शिवा ध्रुव, परमेश्वर, अजय, नेताम, नीलकमल, युवराज, लोकेश, कुलेश्वर, नेताम, देवकरण, तुलेश्वर, डिगेश्वर, भोगेन्द्र,शीतल ध्रुव, करण नेटी, टार्जन ध्रुव एवं जिसमें आदिवासी समाज के प्रमुख गण भारी जनसंख्या में उपस्थित थे।

# भीषण जल संकट से जूझने को मजबूर प्रधानमंत्री आवास कॉलोनी निवासी

**रीतेश अवस्थी, पुष्पांजली टुडे**

दमोह। गर्मी का मौसम शुरू होते ही पानी कि





किल्लत से लोगों को गुजरना पड़ता हैं ऐसा ही मामला प्रधानमंत्री आवास का सामने आया हैं जहाँ लोगों को 20 दिन में एक बार टेंकर से एक ब्लॉक मैं पानी दिया जाता हैं,जिससे लोगों को काफी असुविधा होती हैं पूर्व कि नगरपालिका द्वारा इन आवासों का निर्माण कराया था ताकि गरीबों के लिए इसका लाभ मिल सके लेकिन कॉलोनी का निर्माण होने के बाद भी अभी तक पानी कि सुविधा का लाभ वहां के लोगों को नहीं मिला।जिससे स्थानीय निवासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता हैं और घंटो खड़े होकर पानी के टेंकर का इंतजार करना पड़ता हैं ताकि 20दिन के स्टॉक के लिए पानी को सहेज कर उसका उपयोग कर सके। स्थानीय लोगों द्वारा बताया गया कि शासन प्रशासन द्वारा से शुरू से आश्वासन मिलता आ रहा हैं कि बस कुछ दिनों में पानी कि टंकी को चालू कर दिया जायेगा जिससे नलों के माध्यम से हर घर में पानी मिलेगा लेकिन इसका लाभ किसी भी रहवासी को नहीं मिल सका हर ब्लॉक के लोग पानी की टंकियों को अपने घरों के सामने रखे रहते हैं जिससे स्टॉक बना रहे।

**इनका कहना हैं**

प्रधानमंत्री जी ने हम गरीबों के लिए आवास बनाये थे,लेकिन यहाँ पर राशन कि तरह एक महीने में एक बार पानी मिल रहा है कोई सुविधा नहीं हैं यहाँ पर, हम चाहते हैं कि टंकी को चालू करवाकर नलों से पानी दिया जाये।

**अशोक तिवारी**
**निवासी प्रधानमंत्री आवास कॉलोनी**

महिलाओं को बहुत समस्यायें होती हैं घंटो भर इंतजार करना पड़ता हैं तब कही जाकर पानी मिलता हैं हम लोग चाहते हैं जनप्रतिनिधियों से कि वो पानी कि व्यवस्था करा दे हमें और कुछ नहीं चाहिए।

**सुनीता जैन**
**निवासी प्रधानमंत्री आवास कॉलोनी**

हाईटेंशन तार के खम्बे लगना है, जिससे वहां पर ट्रांसफर रख सके। एमपीबी के अधिकारियों के लिए पैसा दे दिया गया हैं 8 से 10 दिनों में कार्य को पूरा करके टंकी को चालू करा दिया जायेगा जिससे लोगों को टंकी का पानी दिया जा सके।

**भैयालाल सिंह**
**मुख्यनगरपालिका अधिकारी दमोह**

## हकीकत में 'जिंदा' है दगाबाज भाई! कागज में मृत बताकर हड़पी बहन की जमीन

# जायदाद हाथ से निकलते तलाक देने पर अड़ा घर जमाई, धरने पर बैठीं 200 महिलाएं





**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद से एक लालची भाई की हैरान करने वाली कहानी सामने आई है. एक लालची भाई खुद को कागजों में मृत बताकर अपने नाबालिग बेटे के नाम बहन के हिस्से की जमीन करा ली. जमीन हाथ से निकलते ही घर जमाई बने पति तलाक देने समाजिक बैठक में बात रख दी. सुनवाई शुरू हुई तो पक्ष सुना जा रहा था, तभी दबंग भाई ने भरी बैठक में हंगामा कर दिया. महिलाओं से धक्कामुक्की और गाली गलौज भी किया. ऐसे में सैकड़ों की तादाद में महिलाएं थाने पहुंची. जहां कार्रवाई की मांग पर अड़ गई हैं। मामला जिले के देवभोग थाने क्षेत्र का है. शनिवार को ढोर्रा ग्राम में कलार समाज का वार्षिक अधिवेशन चल रहा था. इसी बैठक में छैल डोंगरी निवासी मुक्ता पति द्वारा तलाक देने दिए जा रहे धमकी की सुनवाई की अर्जी लगाई थी. तलाक की वजह मुक्ता बाई के पैतृक संपत्ति में हिस्सा नहीं मिलने के कारण बताया गया. मुक्ता का विवाह 1990 में ओडिशा निवासी पुस्तम सिन्हा से हुई थी. पिता ने घर और जमीन देने की शर्त पर पुस्तम को घर जमाई बनाया था.

मुक्ता के हिस्से में 3 एकड़ जमीन आ रहा था, जिसे उसके भाई गजेंद्र सिन्हा ने जबरदस्ती रख लिया. हक पाने 2011 से कोर्ट में अर्जी लगाई. फैसला मुक्ता के पक्ष में भी आया. तहसील से मुक्ता के हक की जमीन का पट्टा भी बन गया, लेकिन गजेंद्र जमीन छोड़ा नहीं. जमीन नही मिलने के कारण पति पुस्तम मुक्ता का त्याग करना चाह रहा है. इसी विषय पर समाज सुनवाई कर रहा था, तभी गजेंद्र सिन्हा भरी बैठक में भारी हंगामा कर दिया. महिलाओं से धक्का मुक्की कर उनके साथ गाली गलौज किया. इस घटना से आहत समाज के सभी पदाधिकारी और महिलाएं देवभोग थाना पहुंच गजेंद्र की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं. लिखित शिकायत देने के अलावा महिलाएं थाने के मुख्य सड़क पर बैठ गई हैं. दोषी को गिरफ्तार नहीं किए जाने तक थाने में ही बैठे रहने की मांग कर रहे हैं. थाना प्रभारी गौतम गावड़े ने कहा कि गजेंद्र सिन्हा के विरूद्ध शिकायत पत्र मिली है. जांच कर मामले पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी.

**फर्जी फौतीनामा से नाबालिग के नाम जमीन कर लिया**-कोर्ट प्रक्रिया शुरू होते ही गजेंद्र ने जालसाजी कर मुक्ता बाई के हिस्से की जमीन 1.03 हेक्टेयर को अपने नाबालिग बेटे बेद प्रकाश के नाम से करवा लिया था. मुक्ता बाई ने कहा कि तहसील न्यायालय में सुनवाई के दरम्यान उसे बताया गया कि गजेंद्र सिन्हा की मौत हो गई है. उसकी बेवा पत्नी रमा बाई व नाबालिग बेटे बेदप्रकाश के नाम जमीन दर्ज है, लेकिन उसे दस्तावेज नहीं दिया गया. व्यवहार न्यायालय की शरण में जाने के बाद 2017 में उसके हक में जमीन आ तो गई, लेकिन फर्जीवाड़े पर कार्रवाई नहीं हुई, न ही उसके हक की जमीन भाई गजेंद्र ने उसे दिया. फर्जीवाड़े की जमीन से वह हर साल लोन निकाल रहा है.

# कराठा प्रतिस्पर्धा सामोरह का समापन



**पुष्पाजंली टुडे**

बेंगलुरू। रविवार को ओकीनावा ड्रैगन मार्शल आर्ट्स शॉटोकन द्वारा कमला नगर स्थित सरकारी विद्यालय के अटल बिहारी वाजपेई सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय कराठा प्रतिस्पर्धा के समापन समारोह में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत के साथ में आयोजक दिलीप कुमार एवं अन्य धन्यवाद.।

# श्री बिलावास गौशाला सेवा समिति के तत्वावधान में भव्य गो भक्ति संध्या एवं विराट कवि सम्मेलन का आयोजन

**पुष्पाजंली टुडे**
**नारायणलाल सेणचा**

**बेंगलुरू** -बिलावास गौशाला द्वारा बेंगलुरु में विशाल भक्ति संध्या एवं विराट कवि सम्मेलन का आयोजन पैलेस ग्राउंड में 17 मार्च 2023 शुक्रवार को रखा गया है द्यसमारोह में सुप्रसिद्ध संगीतकार एवं परम गो भक्त ओम मुंडेल एवं



सुप्रसिद्ध कवि वीरेंद्र एंड कवित्री सुमित्रा सरल सहित पांच कवि पधार कर समारोह की भव्यता में अभिवृद्धि करेंगे द्यआयोजन को भव्य बनाने के लिए समिति की सभा रखी गई जिसमें विभिन्न समितियों का गठन किया गया .समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में लहर सिंह सिरोहिया माननीय राज्यसभा सदस्य दिलीप सुराणा तेजराज गुलेचा, रायचंद, छाजेड़ ,पारसमल भंडारी, राजेंद्र छाजेड़ ,राजेंद्र गांधी ,किशन लाल कोठारी, गजराज पगारिया मुख्य अतिथि के रूप में पधारेंगे द्य शांतिलाल सांड, किशोर कुमार जी पगारिया, रंजीतमल जी कानुंगा ,घेवर चंद ,साकरिया, प्रकाश चंद सिंघवी,रेवतमाल नाहर, उगमराज भंडारी ,दिनेश कुमार पगारिया ,रमेश चंद बोहरा, अनिल कुमार कोठारी,शोभाराम चोयल फाउलाल परिहारिया, विरदी चंद आछा , पुनाराम बर्फा नरपत सोलंकी ,संपत राज मरलेचा ,शांतिलाल खिवेसरा ,सा पारसमल चोवटिया , दिनेश बोहरा अशोक सालेचा, विमल कुमार भंडारी, प्रकाश राठौड़, प्रकाश चंदजी पिरगल , राजू कपूरचंद ,गौतम सोलंकी श्रीपाल खिवेसरा, प्रवीण चौहान, पदमराज मेहता ,अशोक रांका, पारसमल लुणिया ,बाबूलाल रांका,महेंद्र कुमार बाफना ,प्रकाश चंद कोठारी, सरदार मल सुराणा, शांतिलाल नाहर,अमित मेहता, चंदूलाल भंडारी ,मालाराम देवासी, रमेशचंद हरण,नेमीचंद वोरा राजूकुमार सिपानी, प्रवीण कुमार सोनीगरा, मूलचंद नाहर , रतनचंद भंडारी , पुष्पराज कोठारी, किशन लाल पगारिया, मीठा लाल पगारिया, नरेंद्र सामर ,सुनील कुमार गादिया , राजेंद्र दांतेवाड़ीया, धर्मेंद्र मंरलेचा, सुमती लाल पगारिया महेंद्र जिआनी, किरण गाला आदि विशिष्ट अतिथि के रूप में पधार कर कार्यक्रम में चार चांद लगाएंगे ।समारोह में देशभर से मेहमान पधार कर कार्यक्रम में सहभागिता प्रदान करेंगे ।गौ माता भक्ति के कार्यक्रम को भक्तिमय बनाने एवं प्रसिद्ध कवि और कवित्रियों की प्रस्तुति के लिए आयोजन स्थल पर व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के लिए आवश्यक तैयारियां की जा रही है ! यह जानकारी गौशाला अध्यक्ष संघवी इंदर चंद बोहरा सचिव नरेंद्र आच्छा सह सचिव लक्ष्मणराम आगलेचा एवं समिति के खजांची अमराराम चोयल ने प्रदान की ।



# जिला पुलिस बल की 2022-23 की वार्षिक चांदमारी का हुआ समापन



**रीतेश अवस्थी, पुष्पांजली टुडे**

दमोह। जिला पुलिस बल की वार्षिक चांदमारी प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी फायरिंग स्थल शासकीय पॉलीटेक्निक कालेज के पीछे पहाड़ी पर पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार सिंह एवं रेंज अधिकारी श्रीमति भावना दांगी प्रभारी नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में सुदामा प्रसाद शुक्ला उप पुलिस अधीक्षक अजाक तथा संजय सूर्यवंशी रक्षित निरीक्षक दमोह की उपस्थिति में 16 फरवरी से प्रारंभ हुई वार्षिक चांदमारी 5 मार्च तक कराई गई, जिसमें समस्त थाना, रक्षित केन्द्र के बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। इस दौरान देवी सिंह ठाकुर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस तेंदूखेड़ा, थाना प्रभारी, समस्त अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा भी फायरिंग स्थल पर फायरिंग कर इस वर्ष की वार्षिक चांदमारी संपादित की गई।



# लोकतंत्र बचाने के लिए एकजुट होना जरूरी : मानसिंह कुशवाहा

## 16 अप्रैल को होगा संविधान बचाओ रैली का आयोजन

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । मेहगांव के निरंजना मैरिज गार्डन में एससी ओबीसी की चिंतन शिविर का आयोजन किया गया बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए उपस्थित होते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा ने कहां संविधान की रक्षा के लिए हम सबको एकजुट होना पड़ेगा आज देश में लोकतंत्र और संविधान पर लगातार प्रहार करने का काम भाजपा सरकार द्वारा किया जा रहा है, इसी क्रम में रनजीत सिंह गुर्जर ने हम सबकी एकजुटता 2023 के चुनाव परिणाम बदलेगी इसी क्रम में जिला पंचायत सदस्य राजबीर बघेल, सुभाष राठौर, वीरेंद्र यादव संयुक्त रूप से 16 अप्रैल को संविधान बचाओ रैली का आयोजन करने का निर्णय लिया गया।

# यूक्रेन युद्ध : पश्चिम के हाथ से फिसला नैरेटिव



■ सत्येंद्र रंजन

**पश्चिम के कूटनीतिक और राजनीतिक प्रभावों के सिकुड़ने की मिसाल यह है कि प्रतिबंधों की उसकी योजना में अमेरिकी धुरी के देशों के अलावा कोई अन्य मुल्क शामिल नहीं हुआ। एक अनुमान के मुताबिक जिन देशों ने रूस पर प्रतिबंध लगाए, उनकी कुल आबादी दुनिया की जनसंख्या के 15 प्रतिशत से भी कम है। यानी लगभग 85 प्रतिशत आबादी वाले देशों ने प्रतिबंध की रणनीति को ठुकरा दिया। इनमें से ज्यादातर देशों ने रूस के साथ अपने कारोबारी संबंध बनाए रखे हैं।**

24 फरवरी 2022 को जब रूस ने यूक्रेन में विशेष सैनिक कार्रवाई शुरू की, तब इसका अंदाजा यह बहुत कम लोगों को रहा होगा कि इस घटना के साथ दुनिया के शक्ति संतुलन में दूरगामी बदलावों की शुरुआत हो जाएगी। इन बदलावों की जमीन पहले से तैयार हो रही थी, लेकिन यूक्रेन में शुरू हुए टकराव ने इन्हें inflection point (निर्णायक मोड़) पर पहुंचा दिया।

चार फरवरी 2022 को रूस के राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की बीजिंग में हुई शिखर वार्ता के बाद जारी लगभग साढ़े पांच हजार शब्दों के साझा बयान से यह संकेत मिला था कि ये दोनों नेता विश्व शक्ति-संतुलन में बुनियादी बदलाव लाने का इरादा रखते हैं। इसके बावजूद तब यह अनुमान लगाना मुश्किल था कि परिवर्तन के ये प्रक्रिया इतनी तेजी से आगे बढ़ेगी कि साल भर बाद दुनिया बिल्कुल अलग तरह की नजर आएगी।

व्लादीमीर पुतिन ने 21 फरवरी 2023 को अपने स्टेट ऑफ द यूनियन संबोधन के दौरान यह संदेश देने में कोई कमी नहीं बरती कि पश्चिमी वर्चस्व के दिन अब गुजर चुके हैं। उन्होंने कहा- 'पश्चिम ने हमारे खिलाफ न सिर्फ सैनिक और सूचना युद्ध छेड़ा, बल्कि वह आर्थिक मोर्चे पर भी लड़ने की कोशिश कर रहा है। लेकिन वह इनमें से किसी मोर्चे पर कामयाब नहीं हुआ है, और ना ही कभी होगा।' पुतिन ने अपने भाषण में रूसी सैनिक कार्रवाई के औचित्य की चर्चा की, लेकिन साथ ही उन्होंने यूक्रेन की घटना के कारण दुनिया में आए बड़े बदलावों का भी जिक्र किया। पुतिन ने इस सिलसिले में जिन परिघटनाओं की चर्चा की, उनमें एक अमेरिकी मुद्रा डॉलर के वर्चस्व को मिल रही चुनौतियां भी हैं। बेशक de-dollarization के नाम आगे बढ़ रही इस प्रक्रिया का दूरगामी असर होगा। डॉलर का वर्चस्व अमेरिकी साम्राज्य की सबसे बड़ी ताकत है। इस पर होने वाली हर चोट असल में साम्राज्य की जड़ों पर प्रहार है।

वैसे अमेरिकी साम्राज्यवाद को लग रहे झटकों का यह सिर्फ एक पहलू है। पिछले एक साल में रणनीतिक और राजनीतिक मोर्चों पर भी उसे अनेक झटके लगे हैं। दरअसल, घटनाएं जैसे आगे बढ़ी हैं, उनसे यह साफ संदेश मिला है कि अब विश्व अर्थव्यवस्था में वॉशिंगटन सहमति (Washington Consensus) जैसा कोई पहलू नहीं रहा। उधर विश्व कूटनीति में भी पश्चिमी प्रभाव काफी सिकुड़ चुका है।

बेशक रूस खुद से काफी छोटे देश यूक्रेन को इस अवधि में निर्णायक रूप से परास्त नहीं कर पाया। लेकिन इस सिलसिले में यह पहलू नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए कि वह देश अमेरिकी नेतृत्व वाले सैनिक गठबंधन- नॉर्थ अटलांटिक ट्रीटी ऑर्गनाइजेशन (नाटो) के साथ प्रॉक्सी युद्ध लड़ रहा है। इस क्रम में यूक्रेन ने अपनी जनता के लिए व्यापक बर्बादियों को आमंत्रित किया है। फिर अगर 24 फरवरी 2022 को राष्ट्रपति पुतिन द्वारा बताए गए सैनिक कार्यवाई के तीन मकसदों पर गौर करें, तो उनमें से कम से कम एक वे पूरी तरह हासिल कर चुके हैं। यूक्रेन के दोनबास इलाके में स्थित दोनेत्स्क और लुहांस्क प्रांतों का रूस खुद में विलय कर चुका है।

बाकी दो में से एक मकसद यूक्रेन को नाटो में शामिल होने से रोकना था। इसका क्या होगा, यह युद्ध के अंतिम परिणाम से तय होगा। अगर पश्चिमी देश अपने घोषित मकसद के मुताबिक रूस को निर्णायक रूप से हराने में सफल रहे, तो फिर यूक्रेन का नाटो में शामिल होना या ना होना अप्रसांगिक प्रश्न बन जाएगा। लेकिन अगर रूस सफल रहा, तो उसके बाद यूक्रेन का शामिल होना तो दूर, खुद नाटो की अपनी हैसियत पर गंभीर सवाल उठ खड़े होंगे। पुतिन ने तीसरा उद्देश्य यूक्रेन को नाजी प्रभाव से मुक्त कराना बताया था। इस दिशा में आंशिक सफलता मिली है। नाजी प्रभाव संगठनों के गढ़ मारियापॉल पर रूस का नियंत्रण हो चुका है। लेकिन बाकी यूक्रेन में नाजी विचाराधारा प्रभावशाली बनी हुई है। इसका क्या होगा, यह भी युद्ध के अंतिम परिणाम से ही तय होगा।

बहरहाल, पश्चिमी देशों को संभवतः सबसे ज्यादा भरोसा आर्थिक प्रतिबंध लगाने की अपनी ताकत पर था। तब अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से लेकर यूरोपीय नेताओं तक ने खुलेआम कहा था कि इन प्रतिबंधों से रूस को घुटना टेकने पर मजबूर कर दिया जाएगा। लेकिन साल भर बाद सूरत यह है कि रूस की अर्थव्यवस्था प्रतिबंधों से मामूली रूप से ही प्रभावित हुई है। जबकि यूरोप की अर्थव्यवस्था तबाही के करीब है। ब्रिटेन से जर्मनी तक न सिर्फ लोग महंगाई और ऊर्जा संकट से परेशान हैं, बल्कि उनके देशों का औद्योगिक ढांचा स्थायी रूप से कमजोर होता दिख रहा है। कुछ असर अमेरिका पर भी पड़ा है। लेकिन यह यूरोप जितना नहीं है, तो उसकी वजह यूरोप को मुसीबत में डाल कर उस पर अपना शिकंजा कस लेने की अमेरिकी रणनीति का कामयाब होना है।

इस अमेरिकी रणनीति का नतीजा यह हुआ है कि जहां यूरोपीय देशों को ऊर्जा सस्ते स्रोत गंवाने पड़े हैं, वहीं अमेरिका की तेल और गैस कंपनियों को नया बाजार मिला है, जिससे उनका मुनाफा तेजी से बढ़ा है। मगर यह बात खुद पश्चिमी विश्लेषकों ने स्वीकार की है कि रूस पर लगाए गए प्रतिबंध बैकफायर कर गए हैं।

पश्चिम के कूटनीतिक और राजनीतिक प्रभावों के सिकुड़ने की मिसाल यह है कि प्रतिबंधों की उसकी योजना में अमेरिकी धुरी के देशों के अलावा कोई अन्य मुल्क शामिल नहीं हुआ। एक अनुमान के मुताबिक जिन देशों ने रूस पर प्रतिबंध लगाए, उनकी कुल आबादी दुनिया की जनसंख्या के 15 प्रतिशत से भी कम है। यानी लगभग 85 प्रतिशत आबादी वाले देशों ने प्रतिबंध की रणनीति को ठुकरा दिया। इनमें से ज्यादातर देशों ने रूस के साथ अपने कारोबारी संबंध बनाए रखे हैं। इसीलिए 20 फरवरी को जब जो बाइडेन ने यूक्रेन की राजधानी कीव जाकर यह कहा कि दुनिया यूक्रेन के साथ खड़ी है, तो उसे सुनना मनोरंजक महसूस हुआ। सोशल मीडिया पर उचित तब अनेक लोगों ने इस ओर ध्यान खींचा कि अमेरिका और यूरोपीय देश अपने साम्राज्यवादी अतीत की मानसिकता से उबर नहीं पाए हैं- वे अभी भी खुद को ही दुनिया माने बैठे हैं!

जबकि गुजरे एक साल में रूस ने चीन के साथ अपने रिश्तों को मजबूत बनाया है और इस बिना पर वह दुनिया में नए शक्ति-संतुलन को स्थापित करने में एक प्रमुख सूत्रधार के रूप में उभरा है। 2022 में जर्मनी की खुफिया सेवा के प्रमुख थॉमस हेल्डेनवांग ने एक मौके पर कहा था कि रूस एक तूफान है, जबकि चीन जलवायु परिवर्तन है। ब्रिटिश खुफिया एजेंसी एमआई-5 के निदेशक केन मैकलम भी ऐसी राय जता चुके हैं। यानी पश्चिमी आकलन में रूस ने फौरी हलचल पैदा की है, लेकिन चीन अपनी आर्थिक, तकनीकी और सैनिक ताकत से दुनिया में स्थायी बदलाव का सूत्रधार बना हुआ है।

तो 2022 में हुआ यह कि "तूफान और जलवायु परिवर्तन" दोनों का और गहरा मेल हो गया। इससे पश्चिमी वर्चस्व को फौरी झटके लगे, जिससे उनके पांव के नीचे से जमीन खिसकने दीर्घकालिक प्रक्रिया और तेज हो गई है। अतीत में एक अमेरिकी रणनीतिकार ने अमेरिकी शासकों को चेतावनी दी थी वे कभी ऐसा कदम ना उठाएं, जिससे रूस और चीन एक धुरी पर आ जाएं। 2021-22 जो बाइडेन प्रशासन ने असल में यही कर दिया। इस साथ ही वह यूरेशियाई धुरी खुल कर अस्तित्व में आ ग है, जो लगभग चार सौ साल से दुनिया को अपने ढंग चला रहे पश्चिमी साम्राज्यवाद को निर्णायक चुनौती दे की स्थिति में नजर आ रही है।

क्या इस घटनाक्रम से साम्राज्यवाद की जड़ें उख जाएंगी? बेशक इस बारे में अभी कोई फैसला सुना जल्दबाजी होगी। ढहते साम्राज्य आत्मघाती युद्ध की ह तक चले जाते हैं। इस बात से कोई इनकार नहीं कर कि व्यापक विनाश के युद्ध छेड़ने की पश्चिम की ताक अभी बनी हुई है। दरअसल, चीन से आर्थिक प्रतिस्प में पिछड़ने के बाद अमेरिका की रणनीति चीन को यु में उलझाने की नजर आती है। लेकिन अगर चीन, रू और पश्चिमी शिकंजे से मुक्त होने की कोशिश में जु अन्य देश उसकी इस चाल से बच पाए, तो विश अर्थव्यवस्था की मौजूदा दिशा 'अमेरिकी सदी' व कहानी पर विराम लगा देगी।

यूक्रेन का युद्ध त्रासद है। यूक्रेन में अगर देशभ नेतृत्व होता, तो वह सहमति और समझौते का रास्ता अप कर अपने देश की शक्ति और अपनी जनता के हितों व रक्षा कर सकता था। लेकिन वहां 2014 में पश्चिमी दे अपना प्रॉक्सी शासन थोपने में सफल रहे। उस शासन पश्चिमी हितों को पूरा करने के लिए अपनी जनता के हि की बलि चढ़ाई है। यह बीते एक साल का सबसे दुख पहलू है। लेकिन अमेरिकी या पश्चिमी साम्राज्यवाद व भेंट चढ़ने वाला यूक्रेन कोई पहला या अकेला देश न है। बल्कि अगर वहां के लोगों को जो झेलना पड़ा है, उस अगर अमेरिकी साम्राज्य की हिली जड़ें अंततः ढह भी जा हैं, तो भविष्य में ऐसी कहानियों पर विराम लगने की ए ठोस उम्मीद पैदा हो सकती है।

---

**चीन को किसी प्रचलित भाषा या संज्ञा से नहीं बांधा जा सकता। उसकी राजनीति में जहां हिंसक मार्क्सवाद है, तो आर्थिकी निकृष्ट पूंजीवाद पर आधारित है, जहां अमानवीय और उत्पीड़न युक्त साम्राज्यवाद का बीभत्स रूप दिखता है। इसी विषाक्त कॉकटेल रूपी चिंतन से वह अपनी अति-महत्वकांक्षी और खरबों डॉलर की 'वन बेल्ट वन रोड' (ओबीओआर) परियोजना से पाकिस्तान, श्रीलंका, नेपाल, बांग्लादेश सहित 130 से अधिक देशों की संप्रभुता और आर्थिक संरचना को अपने एजेंडे की पूर्ति हेतु प्रभावित कर रहा है।**

# चीनी मकड़जाल में फंसा दक्षिण एशिया



■ बलबीर पुंज





मानव सभ्यता चाहे कितना भी विकास कर लें, उसमें व्याप्त राक्षसी प्रवृतियां आज भी जस की तस है। कमजोर राष्ट्रों को पहले भी शक्तिशाली सेना और हथियारों के बल पर रौंदा गया है और अब भी ऐसा होता है। उद्देश्य वही है, केवल उसका स्वरूप बदल गया है। अब देशों को गुलाम बनाने या उनपर अपना प्रभुत्व जमाने के लिए सैन्यबल से अधिक आर्थिक प्रपंचों का सहारा लिया जाता है। वर्तमान समय में ऐसे शोषण का मूर्त प्रतीक चीन के रूप में उभरा है। आज जहरीले सर्प रूपी चीन का काटा, पानी मांगने की स्थिति में भी नहीं रहता है।

भारत के पड़ोस में श्रीलंका और पाकिस्तान, साम्राज्यवादी चीन की कुत्सित मानसिकता का नवीनतम शिकार है। यह ठीक है कि पाकिस्तान काफी हद तक अपने कुकर्मों के कारण संकटमयी स्थिति से गुजर रहा है, जहां पेट भरने के लिए रोटी की भारी किल्लत है, चायपत्ती का अकाल है, खाद्य-तेल की कमी है, तो बिजली का गहरा संकट है। इस प्रकार की अनियंत्रित स्थिति से बचने हेतु पाकिस्तान को एक बार पुनः उसके 'मित्र' चीन से 70 करोड़ डॉलर का नया कर्ज मिला है।

ऊपरी तौर पर लगता है, मानो चीन ने अपने सदाबहार दोस्त पाकिस्तान को बचाया हो, किंतु ऐसा नहीं है। वास्तव में, चीन इसके माध्यम से पाकिस्तान को अपने कर्ज के दलदल में और फंसाता जा रहा है। पाकिस्तानी स्टेट बैंक के अनुसार, इस इस्लामी राष्ट्र पर जो चीनी कर्ज वर्ष 2017 में 7.12 अरब डॉलर था, वह अप्रैल 2018 में 19 अरब डॉलर, तो 2020 में 30 अरब डॉलर के आंकड़े को पार कर गया। वर्तमान में यह लगभग 30 अरब डॉलर है। एक अनुमान के अनुसार, पाकिस्तान को चीनी ऋण चुकाने में 40 वर्ष लग सकते है। अभी इस इस्लामी देश पर कुल देनदारी और कर्ज, उसके कुल सकल घरेलू उत्पाद का 70 प्रतिशत है और इसमें लगभग 35 प्रतिशत हिस्सा अकेले चीन का है। इसके लिए चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) परियोजना को मिल रहा ब्याजयुक्त चीनी निवेश मुख्य रूप से जिम्मेदार है।

पाकिस्तान से पहले श्रीलंका दिवालिया हो चुका है, जिसमें उसकी विवेकहीन आंतरिक नीतियों के साथ चीनी कर्ज ने बड़ी भूमिका निभाई है। इस द्वीपीय देश को संकट से उबारने हेतु अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने अन्य ऋणदाताओं से 10 वर्षीय ऋण अधिस्थगन और 15 वर्षीय ऋण पुनर्गठन का आश्वासन मिलने पर 2.19 अरब डॉलर की आर्थिक सहायता का प्रस्ताव रखा है। इसमें श्रीलंका के प्रमुख कर्जदाता चीन को छोड़कर, भारत सहित अन्य संप्रभु लेनदारों ने आईएमएफ को संतोषजनक आश्वासन दिया है।

आखिर चीन ने ऐसा क्यों किया? सच तो यह है कि चीन अपने कर्ज की अदायगी नहीं होने पर श्रीलंका में भौतिक संपत्ति (अपने निवेश से हुए निर्माण सहित) को कब्जाना चाहता है, जैसे उसने वर्ष 2017 में हंबनटोटा बंदरगाह के साथ किया था। तब श्रीलंका ने कर्ज नहीं चुका पाने पर चीन को सामरिक रूप से महत्वपूर्ण हंबनटोटा बंदरगाह 99 सालों के पट्टे पर दे दिया था। इस तरह चीन, अब छह अन्य श्रीलंकाई परियोजनाओं पर नजरें गड़ाए बैठा है, जहां वह भविष्य में हिस्सेदारी या अधिक नियंत्रण या फिर दोनों की मांग कर सकता है। हंबनटोटा ऑयल रिफाइनरी, कोलंबो स्थित फ्लोटिंग एलएनजी प्लांट, चीन द्वारा निर्मित कोलंबो पोर्ट सिटी आदि पर चीन की गिद्धदृष्टि है।

अगस्त 2022 को जारी फोर्ब्स रिपोर्ट के अनुसार, चीन का सबसे अधिक विदेशी कर्ज पाकिस्तान-श्रीलंका के साथ अंगोला, इथोपिया, केन्या, जांबिया और कांगो आदि अफ्रीकी देशों पर है। दावा किया जाता है कि अफ्रीका महाद्वीप पर चीनी ऋण का उपयोग नागरिकों के लिए आधारभूत संरचना को विकसित करने में किया जा रहा है। किंतु 'साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट' के अनुसार, 2000 से 2020 के बीच चीन ने सैन्य खर्चों हेतु आठ अफ्रीकी देशों के साथ 3.15 बिलियन डॉलर (271 अरब रुपये) के 27 कर्ज सौदों पर हस्ताक्षर किए हैं। इसमें से अधिकतर पैसा सैन्य विमान, उपकरण, प्रशिक्षण और सेना-पुलिस के लिए आवासीय इकाइयों के विकास में खर्च हुआ। आर्थिक रूप से कमजोर इन देशों के दिवालिया होने पर इन्हीं सामरिक क्षेत्रों पर चीन का आधिपत्य होने का खतरा है।

वास्तव में, चीन को किसी प्रचलित भाषा या संज्ञा से नहीं बांधा जा सकता। उसकी राजनीति में जहां हिंसक मार्क्सवाद है, तो आर्थिकी निकृष्ट पूंजीवाद पर आधारित है, जहां अमानवीय और उत्पीड़न युक्त साम्राज्यवाद का बीभत्स रूप दिखता है। इसी विषाक्त कॉकटेल रूपी चिंतन से वह अपनी अति-महत्वकांशी और खरबों डॉलर की 'वन बेल्ट वन रोड' (ओबीओआर) परियोजना से पाकिस्तान, श्रीलंका, नेपाल, बांग्लादेश सहित 130 से अधिक देशों की संप्रभुता और आर्थिक संरचना को अपने एजेंडे की पूर्ति हेतु प्रभावित कर रहा है। 6 मार्च 2018 को अमेरिका के तत्कालीन विदेश मंत्री रेक्स टिलर्सन ने कहा था, ?चीन कई देशों को अपने ऊपर निर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। वो जिन अनुबंधों को प्राप्त कर रहा है, वो पूरी तरह से अपारदर्शी हैं। नियम और शर्तों को लेकर स्पष्टता नहीं है। बेहिसाब कर्ज देने से उन देशों की आत्मनिर्भता खत्म होगी।?

बीते कई वर्षों में कुछ देश, चीन की बदनीयत को भांपकर उसके साथ किए समझौते को या तो निरस्त कर रहे है या फिर उसकी समीक्षा। उदाहरणस्वरूप, मलेशिया ने वर्ष 2018 में ओबीओआर के अंतर्गत, 20 अरब डॉलर की लागत से बन रहे ईस्ट-कोस्ट रेलमार्ग परियोजना को यह कहकर निलंबित कर दिया कि वह चीनी कर्ज का बोझ नहीं सह सकता।

इस पृष्ठभूमि में भारत की स्थिति क्या है? मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, गत दिनों ही भारत सरकार ने चीन संबंधित कर्ज और सट्टेबाजी वाले लगभग सवा दो सौ मोबाइल एप्स को प्रतिबंधित किया है। यह कार्रवाई स्वागतयोग्य है। किंतु इस पृष्ठभूमि में भारत-चीन के बीच व्यापार घाटा पहली बार 100 अरब डॉलर के आंकड़े को पार गया है। अनुमान लगाना कठिन नहीं कि भारत से व्यापार करते हुए चीन जो प्रतिवर्ष लाखों करोड़ रुपयों का शुद्ध लाभ कमाता है, उसका प्रत्यक्ष-परोक्ष उपयोग वह अपनी भारत विरोधी नीतियों (पाकिस्तान को कर्ज देने सहित) में ही करता है।

# होली पर हुड़दंग मचाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

## एसपी ने होली को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न करवाने के लिए पुलिस की ओर से सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं

**केशब पंडित जी अम्बाह**

मुरैना... मुरैना जिले में होली के त्योहार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न करवाने के लिए मुरैना पुलिस की ओर से सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। होली पर्व के दो ही दिन बाकी हैं। ऐसे में होली पर हुड़दंग मचाने वालों पर पुलिस द्वारा सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी ने जिला पुलिस को त्योहार पर हुड़दंग मचाने वालों से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए हैं। त्योहारों पर अक्सर हुड़दंग करने वालों पर पुलिस की नजर रहेगी। मुरैना जिला के सभी थाना-चौकी प्रभारियों को होली के त्योहार को शांति पूर्वक संपन्न करने के लिए सुरक्षा के मद्देनजर कड़े दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जिले में होली पर्व के मद्देनजर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए चप्पे-चप्पे पर निगरानी व सतर्कता के साथ गश्त करने के कड़े निर्देश जारी किए गए हैं। नशे में धुत होकर हुड़दंग करने वालों से पुलिस कड़ाई से निपटेगी।




पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी ने कहा कि कुछ ही दिन में होली है। होली पर किसी तरह का हुड़दंग ना हो इसके लिए बदमाशों पर कार्रवाई की जाए। ऐसे बदमाश जो अक्सर त्योहारों पर ही बदमाशी करते हुए कानून व्यवस्था और शांति का माहौल खराब करने का प्रयास करते हैं, उन्हें चिन्हित करते हुए कार्रवाई की जाए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी थाना प्रभारी ऐसे बदमाशों की लिस्ट को अपडेट करें। ऐसे बदमाशों के बारे में पूरी जानकारी रखते हुए उन पर कार्रवाई करें। इस तरह से उन्होंने थाना प्रभारियों को आगामी त्योहार को देखते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बदनियती से हुड़दंग करने, किसी तरह की अफवाह फैलाने अथवा शांति भंग करने की नियत से जानबूझकर कानून का उल्लंघन करने वाले शरारती असामाजिक तत्वों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

**शराब पीकर वाहन चलाने वालों की खैर नहीं**-श्री बागरी ने कहा कि शराब पीकर वाहन चलाने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष महिला पुलिस दस्ता भी तैनात रहेगा। यातायात को व्यवस्थित रूप से चलाने के लिए मुख्य चौराहों पर विशेष पुलिस दस्ते तैनात रहेंगे। सभी पीसीआर और डायल 100 को निर्देश दिए गए हैं कि पुलिस कंट्रोल रूम के माध्यम से जहां भी अव्यवस्था की सूचना प्राप्त होगी, तुरंत मौके पर जाकर स्थिति से निपटेंगे। बाइक के साइलेंसर से पटाखों जैसी आवाज निकाले तो बाइक को तुरंत जब्त किया जाएगा। त्योहार पर कुछ शरारती और आपराधिक तत्व या शराबियों द्वारा रंगों की आड़ में पुरानी रंजिश निकालने की कोशिश करते हैं। इस प्रकार के शरारती तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं होली के दौरान स्पीड बाइकर्स पर भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। हर चौक-चौराहों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। त्योहार पर हुड़दंग करने वालों पर भी सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। शराब पीकर हुड़दंग करने वालों पर भी पुलिस की पैनी नजर रहेगी। शरारती तत्वों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कानून व्यवस्था की पालना करते हुए पुलिस का हर संभव सहयोग करें और किसी भी आपत्ति में पुलिस को तुरंत सूचित करें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि किसी भी तरह की अफवाह पर पर ध्यान ना दें, कोई भी गड़बड़ी होने पर तत्काल पुलिस को इसकी सूचना दें। इसके अलावा नशे के कारोबारी की भी सूचना दें। होली पर इस प्रकार की हरकतें ना करें, अन्यथा आपके खिलाफ सख्त कार्रवाई हो सकती है...

1. शराब सेवन करके वाहन ना चलाएं। 2. होली खेलने के लिए किसी के साथ जबरदस्ती ना करें। 3. राहगीरों पर गुलाल या पानी फेंककर तंग ना करें। 4. किसी भी प्रकार की हुड़दंग बाजी ना करें।

## मालनपुर थाना परिसर आगामी होली के त्यौहार शवे बारात एवं रंगपंचमी को लेकर शांति समिति की बैठक की गई

**पुष्पांजली टुडे संवाददाता मालनपुर**
**पहलवान सिंह राजावत**



**मालनपुर।** आगामी होली के त्यौहार को लेकर रविवार को मालनपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें नगर में होली त्योहार में थाना प्रभारी जितेंद्र मावई आदेश पर उपनिरीक्षक बलवंत सिंह यादव अपील करते हुए कहा आगामी होली त्यौहार शांतिपूर्वक मनाएं होली का त्योहार रंगों का त्योहार है हुड़दंग करने वालों बख्शा नहीं जाएगा शांति और अमन बना रहे इसके लिए मालनपुर थाना पुलिस आपकी सुरक्षा हेतु पुलिस 24 घंटे नगर की सुरक्षा में पुलिस प्रशासन तैयार है आप आपना सहयोग करें एवं कोई भी होलिका दहन बिजली के तारों के नीचे ना करें रोड पर होली ना जलाएं मुख्य रूप से चर्चा की गई कि क्षेत्र में बंद पड़े अंधे कुओं को जाल बनाकर बंद करा जाए जिससे त्यौहार में दुर्घटना ना हो नगर परिषद सी एम ओ मनोज शर्मा, उप निरीक्षक बलवंत सिंह यादव, एवं ,आरक्षक पंकज तोमर ,मौके पर नगर के गणमान्य व्यक्ति वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मी नारायण ,अध्यक्ष पति मुकेश जाटव, ठेकेदार धनंजय शर्मा , रोकी जैन ,विनोद जैन , भाजपा नेत्री सुषमा सिंह, सचिन शर्मा ,एवं वरिष्ठ पत्रकार परमाल सिंह तोमर लालजी सिंह भदोरिया बृजेंद्र पाल बंसल, शैलेंद्र सिंह, देवेंद्र शर्मा, मौजूद रहे

## सुंदरकांड पाठ का आयोजन कर गौशाला में मनाया गौरव दिवस

**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर, अभिषेक कुशवाह**



सिरोंज। शनिवार की रात्रि में कांजी खेड़ी स्थित गोपाल गौशाला में सुंदरकांड के पाठ का आयोजन कर गौरव दिवस मनाया गया जिसमें गाय की पूजन एवं आरती भी की गई कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि नीलम यादव पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि इख्लास खान , गौशाला के अध्यक्ष लालाराम जाटव कोषाध्यक्ष छगन लाल यादव सचिव नारायण प्रसाद शर्मा चंद्रमोहन जाटव धर्म चंद यादव सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## फागोत्सव पर डोयटण समारोह में गेरियो द्वारा गेर नृत्य




**पुष्पांजलि टुडे-रिपोर्टर खंगारराम मुलेवा**

हैदराबाद स्थित- सीरवी समाज एल बी नगर वेल्फेयर एसोसिएशन बंडलागुड़ा प्लाट के प्रांगण में आज रविवार दिनांक 5-3-2023 डोयटण महोत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ मरुधर में राणावास के जम्कू देवी धर्मपत्नी भंवरलाल हाम्बड़ के सुपौत्र सचिन हाम्बड़ के डोयटण समारोह पर सभी गेरियों ने जबरदस्त गेर नृत्य किया। अध्यक्ष जगदीश प्रसाद काग ने बताया की फागोत्सव पर हर साल गेरियो द्वारा शुद्ध फागुन गीतो पर गेर नृत्य करना। एसे कार्यक्रम सीरवी समाज एल बी नगर वेल्फेयर असोसिएशन प्लाट के प्रांगण में होता है सभी गेरियो को अध्यक्ष जगदीश प्रसाद काग ,सचिव प्रकाश सेपटा व आज के डोयटण समारोह के आयोजक भंवरलाल हाम्बड़ ने सभी गेरियो को बहुत-बहुत बधाई एवं धन्यवाद देकर आभार वक्त किया।

## आपसी भाईचारे के साथ मनाएं होली का त्योहार: परिमाल सिह मेहरा

**केशब पंडित जी अम्बाह**

अम्बाह। अम्बाह थाने में रविवार को होली के त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें अम्बाह एसडीओपी परिमाल सिह मेहरा व थाना प्रभारी बिनय यादव उपनिरी. पारथ सिह परिहार तहसीलदार राजकुमार नागौरिया पटबारी शिबमोहन सिह नगरपालिका सीएमओ सारिब कौसर व बिजली बिभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में होली के पर्व को नशामुक्त व शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। एसडीओपी परिमाल सिह मेहरा ने कहा कि होली आपसी प्रेम व सौहार्द को बढ़ावा देने का त्योहार है। ऐसा कोई भी कार्य कदापि न करें जिससे किसी दूसरे को किसी प्रकार की कोई परेशानी हो। ऐसे में आप सभी रंगों के इस महापर्व होली के त्योहार को आपसी भाईचारे, शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने में हर संभव प्रशासन का सहयोग करें। थाना प्रभारी बिनय यादव ने कहा कि होली के हुड़दंग में शराब व डीजे का प्रयोग बिल्कुल न करे अन्यथा करने पर कारबाही निश्चित समझे जिन्हें होली के रंग से परहेज है। उन पर कदापि रंग न डालें। यदि कोई व्यक्ति अराजकता फैलाने की कोशिश करें तो इसकी सूचना पुलिस को दें। जिससे समय रहते उस पर कार्रवाई की जा सके। प्रशासन शांतिपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने के लिए संकल्पवान है। इस दौरान मौजूद




लोगों से वार्ता कर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली गई। साथ ही त्यौहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने व पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई। उन्होंने कहा कि यदि क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति अराजकता फैलाने की कोशिश करें तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दे। जिससे समय रहते कार्रवाई की जा सके। इस मौके पर काफी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति जिनेश जैन बच्चूलाल गुप्ता कबीन्द्र सिह तोमर खेमसिह भदौरिया उमाचरण कटारे राम नरेश पटसारिया सरपंच बरबाई दाऊदयाल शर्मा कल्ला शर्मा मण्डल अध्यक्ष भाजपा डालडा शर्मा प्रमोद पार्षद भीम तोमर शरद जैन एवं पत्रकार बन्धु मौजूद रहे।



## वृक्षारोपण कर मनाया मुख्यमंत्री जी का जन्मदिवस

**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर**
**अभिषेक कुशवाह**

सिरोंज-प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा अपने जन्मदिवस की पहले एक वीडियो जारी कर संदेश देते हुए कहा था कि मेरे जन्म दिवस पर किसी प्रकार कोई बैनर या होल्डिंग ना लगाएं और कार्यक्रम भी आयोजित ना किए जाएं यदि कोई मेरा जन्म दिवस मनाना चाहे तो वह वृक्ष लगाकर एवं किसी गरीब व्यक्ति की मदद का मेरा जन्मदिन मनाएं यही मेरे लिए सबसे बड़ी शुभकामना होगी इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल सिरोंज के द्वारा मुख्यमंत्री जी के 64 वे जन्मदिवस पर 64 वृक्ष लगाकर उनका जन्मदिन मनाया गया इस दौरान बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं वार्ड पार्षद उपस्थित रहे , वहीं दूसरी ओर केडीबीएम महाविद्यालय के द्वारा भी महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया।

## स्व. अर्जुन सिंह एक उच्च प्रशासक, कुशल रणनीतिकार के साथ सफल राजनीतिज्ञ थे कांग्रेस

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



**भिण्ड ।** जिला कांग्रेस कमेटी भिण्ड ने बीटीआई रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय पर पूर्व मुख्यमंत्री स्व. अर्जुन सिंह पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं के द्वारा उनकी छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धाजंलि दी गई। इस अवसर पर मुख्यातिथि यंग बिग्रेड सेवादल के प्रदेश सहयोजक धर्मेंद्र भदौरिया पिंकी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अर्जुन सिंह एक उच्च प्रशासक, कुशल रणनीतिकार और सफल कूटनीतिज्ञ थे। जिन्होंने अपनी बौद्धिक कुशलता से पंजाब के आतंक वाद को समाप्त करने में अहम भूमिका अदा की और ÷ राजीव-लोंगोवाल समझौता कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संगठन मंत्री इरसाद अहमद ने कहा अर्जुन सिंह का राजनीतिक जीवन बड़ा उथल-पुथल भरा रहा। भोपाल गैस कांड, चुरहट लाटरी जैसी घटना भी उनके साथ जुड़ा। वहीं कुछ राजनीतिक परिस्थितयों को छोड़ दे तो वे एक सफल राजनीतिज्ञ थे। जो अनेको बार विधायक, लोकसभा-राज्य सभा सदस्य के साथ केबिनेट मंत्री और पंजाब के राज्यपाल भी रहे। कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता डा.अनिल भारद्वाज ने कहा कि अर्जुन सिंह जी शिक्षा को बड़ावा देने के लिए गुरु घासीदास विश्वविद्यालय की स्थापना की थी ग्रामीण युवाओं ओर महिलाओं को स्वावलंबी बनाने की दिशा में उन्होंने केंद्रीय मानव संसाधन मंत्री रहते हुए कई यादगार कार्य किए थे। संगोष्ठी को सदभावना प्रकोष्ठ के प्रदेष महासचिव नयन सिंह राजावत बाराकला, दीपू दुबे आईटी सेल रानू भदौरिया,योगेश शाक्य, अहवरन बघेल, भागीरथ कुशवाह, अनुसूचित जाति के वरिष्ठ नेता रामजीलाल शाक्य, जितेंद्र वर्मा, सुभाष सिकरवार,राजकुमार भदौरिया,हनीफ खान आदि ने अपने विचार रखें। कार्यक्रम का संचालन सोहिल खान,और अभार झिंगरी राजावत ने किया।

## होली के त्यौहार पर 08 मार्च शुष्क दिवस घोषित

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ**
**पुष्पांजली टुडे बालाघाट**

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने 08 मार्च को होली का त्यौहार (जिस दिन रंग खेला जायेगा) के दिन शुष्क दिवस घोषित किया है। 08 मार्च को जिले में स्थित देशी एवं विदेशी मदिरा दुकानें एवं भंडागार बंद रखी जायेगी। 07 मार्च को रात्री में निर्धारित समय पर जिले में स्थित समस्त देशी एवं विदेशी मदिरा दुकानें को बंद करने एवं 08 मार्च को पूर्ण रूप से बंद रखने के आदेश दिये गये है।

## मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद् ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के जन्मदिन पर आयोजित किए विविध कार्यक्रम

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे बालाघाट**

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद् विकास खंड लांजी द्वारा मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री कुलदीप सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में माननीय शिवराज सिंह चौहान मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन एवं अध्यक्ष जन अभियान परिषद के जन्म दिवस के अवसर पर 5 मार्च को लांजी विकासखंड मे नवांकुर संस्था,ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति, नगर विकास समिति एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के छात्र-छात्राओं द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें नशा मुक्ति जागरूकता रैली, पौधारोपण,जल संरक्षण, स्वच्छता एवं श्रमदान जैसे अन्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी तारतम्य में लांजी मुख्यालय में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के छात्र-छात्राएं ,नवांकुर संस्थाएं स्पोर्ट्स एंड स्काउट्स गाइड्स ऑर्गेनाइजेशन,मोस्ट मध्यप्रदेश संस्था लांजी, यूनिवर्सल ज्ञानदीप शिक्षा समिति लांजी नगर विकास प्रस्फुटन समिति एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के परामर्शदाता द्वारा शासकीय कला महाविद्यालय लांजी से आवास कॉलोनी होते हुए साले टेकरी रोड तक नशा मुक्ति जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। मध्यप्रदेश जन अभियान



परिषद विकासखंड लांजी, एवं नवांकुर संस्थाएं द्वारा राकेश कुमार महोबिया एवं संदीप कुमार रामटेककर उपाध्यक्ष नगर परिषद लांजी के नेतृत्व में विकास यात्रा समापन कार्यक्रम के अवसर पर पधारे जिला कलेक्टर डॉ गिरीश मिश्रा को बरगद का पौधा भेंट कर स्वागत किया गया।

**दादा कोटेश्वर धाम में किया गया वृक्षारोपण-** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्थाओं स्पोर्ट एंड स्काउट्स गाइड्स ऑर्गनाइजेशन, मोस्ट संस्था लांजी, यूनिवर्सल ज्ञानदीप शिक्षा समिति लांजी एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के छात्र छात्राओं, परामर्शदाता द्वारा नगर परिषद लांजी एवं लांजी प्रशासन के सहयोग से मा. रमेश भटेरे भाजपा जिला अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक, कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा एवं कुलदीप सिंह ठाकुर जिला समन्वयक मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद बालाघाट, ज्योति ठाकुर एसडीएम लांजी के आतिथ्य में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें 10 औषधि एवं फलदार वृक्षों का रोपण किया गया। उक्त कार्यक्रम में आलोक चौरसिया, सीताराम रावते, शिव दसरिया, योगेश कुराहे, अरुण आसटकर, रमेश आसटकर, परामर्शदाता संदीप कुमार रामटेककर, अशोक घरते, विजय हटीले, ज्योति शकरपुडे, नीलेश्वर ठाकरे, जन अभियान परिषद् बालाघाट से राकेश महोबिया एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के छात्र छात्रा उपस्थित थे।

# एक नजर...

## सीरी एः नेपोली ने लाजियो को 1-0 से दी मात

**रोम,आईएएनएस।** नेपोली को अपनी जीत की लय पर ब्रेक लगाने के लिए मजबूर होना पड़ा, क्योंकि वे लाजियो से 1-0 से हार गए, जो इस सीजन में सीरी ए में उनकी पहली हार है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, पार्टेनोपेई ने सीजन की शुरूआत से ही शानदार प्रदर्शन किया क्योंकि उन्होंने घरेलू लीग में केवल एक हार स्वीकार की। होम साइड ने लगातार आठ सीरी ए जीत के साथ स्टेडियो माराडोना में प्रवेश किया और 65 प्रतिशत गेंद पर कब्जे के साथ खेल पर हावी रही, लेकिन माटियास वेसिनो ने 67वें मिनट में एक गोल किया। हार के बावजूद, नेपोली अभी भी 65 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर है, जबकि लाज़ियो अस्थायी रूप से 48 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर आ गया है।

## डॉर्टमुंड बुंडेसलीगा तालिका में शीर्ष पर

**बर्लिन,एपी।** कप्तान मार्को रेउस और एमरे केन के गोल से डॉर्टमुंड ने बुंडेसलीगा (जर्मनी की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग) मुकाबले में शुक्रवार को लीपजिग को 2-1 से शिकस्त दी और तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया। रेउस ने 21वें मिनट में पेनल्टी पर गोल कर टीम को बढ़त दिलाई जबकि केन ने 39वें मिनट में इसे दोगुना कर दिया। लीपजिग के लिए मैच का इकलौता गोल एमिल फोर्सबर्ग ने मैच के 74वें मिनट में किया। इस जीत से डॉर्टमुंड की टीम बायर्न म्यूनिख पर तीन अंक की बढ़त के साथ तालिका में शीर्ष पर पहुंच गयी। डॉर्टमुंड के लिए रेउस का यह 159 वां गोल था। इससे उन्होंने माइकल जोरक के रिकॉर्ड की बराबरी की। टीम के लिए इन दोनों ज्यादा सिर्फ आदि प्रीलर (177) ने गोल किये है।

## पॉल और मिनौर में होगा खिताबी मुकाबला

**अकापुल्को,एपी।** टॉमी पॉल ने साढ़े तीन घंटे तक चले मैराथन मुकाबले में हमवतन अमेरिकी और लंबे समय से अपने प्रतिद्वंद्वी टेलर फ्रिट्ज को 6-3, 6-7(2), 7-6(2) से हराकर मैक्सिको ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। ये दोनों खिलाड़ी 25 साल के हैं और किशोरावस्था से एक दूसरे का सामना करते रहे हैं। उनका पहला मुकाबला 2011 में अमेरिका की अंडर-14 राष्ट्रीय चैंपियनशिप में हुआ था। शुक्रवार को खेले गए सेमीफाइनल मैच में पॉल को फ्रिट्ज पर जीत दर्ज करने के लिए साढ़े तीन घंटे तक जूझना पड़ा। पॉल इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाले तीसरे अमेरिकी खिलाड़ी हैं।

## एशिया कप विवाद के बीच बाबर का ध्यान विश्व कप पर

**कराची,वार्ता।** पाकिस्तान के कप्तान बाबर आज़म ने एशिया कप 2023 से जुड़े विवादों के बीच कहा है कि उनका ध्यान पूरी तरह से भारत में अक्टूबर-नवंबर में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप पर है। बाबर ने जियो न्यूज़ के साथ बातचीत के दौरान कहा, हमारा ध्यान भारत में होने वाले विश्व कप पर है और हम वहां अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। गौरतलब है कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव और एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने अक्टूबर 2022 में कहा था कि भारत एशिया कप खेलने के लिये पाकिस्तान नहीं जायेगा और टूर्नामेंट का आयोजन किसी अन्य देश में होगा।

# मोहम्मद शमी चौथे टेस्ट में करेंगे वापसी

**अहमदाबाद में नौ मार्च से शुरू होने वाले चौथे टेस्ट की अंतिम एकादश में जगह मिलने की उम्मीद है।**



**नई दिल्ली ■ भाषा**

भारत के सबसे वरिष्ठ तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अहमदाबाद में नौ मार्च से शुरू होने वाले चौथे टेस्ट की अंतिम एकादश में जगह मिलने की उम्मीद है। शमी को कार्यभार प्रबंधन के तहत इंदौर में खेले गए तीसरे टेस्ट से विश्राम दिया गया था। भारतीय टीम प्रबंधन ने मेडिकल स्टाफ के परामर्श से आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) के ज्यादातर मैचों को खेलने वाले और एकदिवसीय विश्व कप की योजना में शामिल तेज गेंदबाजों के कार्यभार प्रबंधन की योजना बनाई है।

शमी शुरुआती दो टेस्ट खेले थे और वह एकदिवसीय टीम का भी हिस्सा हैं। इंदौर टेस्ट में टीम में उनकी जगह उमेश यादव को शामिल किया गया था। शुरुआती तीन टेस्ट में सिराज ने सिर्फ 24 ओवर गेंदबाजी की है और 17 से 22 मार्च तक खेले जाने वाले तीनों एकदिवसीय में उनके अंतिम एकादश में शामिल रहने की संभावना है। ऐसे में उन्हें मोटेरा के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले जाने वाले आखिरी टेस्ट में विश्राम दिया जा सकता है। शमी इस श्रृंखला में अब तक सबसे बेहतर तेज गेंदबाज रहे है। उन्होंने दो मैचों में 30 ओवर गेंदबाजी की है और सात विकेट चटकाये है। मोटेरा की सूखी पिच पर टीम को उनकी अधिक जरूरत होगी। ऐसी पिच रिवर्स स्विंग के लिए अनुकूल हो सकती है।

भारत चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला 2-1 से आगे चल रहा है और विश्व टेस्ट चेम्पियनशिप के फाइनल में सीधे क्वालीफाई करने के लिए उसे इस मुकावले को जीतना होगा। इंदौर में होलकर स्टेडियम की पिच को आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) मैच रेफरी क्रिस ब्रॉड ने 'खराब' की रेटिंग दी थी लेकिन गुजरात क्रिकेट संघ (जीसीए) इस तरह का कोई जोखिम नहीं लेना चाहेगा।

राज्य संघ के एक सूत्र ने कहा,हमें (पिच को लेकर) भारतीय टीम प्रबंधन से कोई निर्देश नहीं मिला है और हमारे स्थानीय 'क्यूरेटर' सामान्य पिच तैयार कर रहे हैं जैसा कि हमने पूरे सत्र में किया है। उन्होंने कहा,दरअसल, यहां जनवरी में आखिरी रणजी मैच में रेलवे ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 500 (508) से अधिक का स्कोर बनाया था और गुजरात की टीम ने पारी की हार के बावजूद दोनों पारियों में 200 से अधिक का स्कोर बनाया था। इस बार भी कुछ अलग नहीं होगा।

टेस्ट मैच शुरू होने में चार दिन से कम बाकी है और अभी यह पता नहीं है कि बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) 'क्यूरेटर' तपोश चटर्जी और आशीष भौमिक जब यहां की जिम्मेदारी अपने हाथ में लेंगे तो पिच का मिजाज कैसा होगा। उन्होंने कहा, जाहिर तौर पर पिछले कुछ दिनों से बीसीसीआई की मैदान और पिच समिति स्थानीय क्यूरेटर को निर्देश दे रही है. लेकिन निश्चित रूप से हमारा प्रयास एक अच्छी टेस्ट मैच पिच तैयार करना है। अहमदाबाद में पिछली बार कोविड-19 महामारी के दौरान दो टेस्ट मैच खेले गये थे। यह दोनों मैच दिन-रात्रि थे और ये मुकाबले दो दिनों के अंदर खत्म हो गये थे।

# भारत ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला में खराब पिचों का इस्तेमाल हुआः टेलर



**मेलबर्न ■ भाषा**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान मार्क टेलर ने मोजूदा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए अब तक इस्तेमाल की गयी तीनों पिचों की जमकर आलोचना करते हुए कहा कि इस तरह की पिच तैयार करने में कुछ हद तक 'चालबाजी' की गयी है। भारत चार मैचों की श्रृंखला में 2-1 से आगे है और अहमदाबाद में एक टेस्ट मैच खेला जाना बाकी है। नागपुर और नयी दिल्ली की पिचों को आईसीसी ने 'औसत' रेटिंग दी जबकि मैच रेफरी क्रिस ब्रॉड द्वारा इंदौर की पिच को 'खराब' करार दिया गया।

इस खराब रेटिंग से इंदौर को तीन डिमैरिट अंक भी मिले और ये अंक पांच साल की अवधि के लिये बने रहेंगे।

भारतीय टीम दोनों पारियों में 109 और 163 रन के स्कोर पर सिमट गयी थी जबकि आस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 197 रन बनाये और फिर तीसरे दिन सुबह उसने 76 रन के लक्ष्य का पीछा कर जीत हासिल की। टेलर ने सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड से इंदौर की पिच रेटिंग को सही करार देते हुए कहा, मैं इससे सहमत हूं। मुझे निश्चित रूप से लगता है कि श्रृंखला के लिए पिचें पूरी तरह से खराब रही हैं।

ईमानदारी से कहूं तो इंदौर की पिच तीनों में से सबसे खराब थी। मुझे नहीं लगता कि पिच पर पहले दिन से ही स्पिनरों को इतनी मदद मिलनी चाहिये। इस पूर्व सलामी बल्लेबाज ने कहा, मैच के चौथे या पांचवें दिन अगर ऐसा होता है तो चीजें समझ में आती है लेकिन अगर पहले दिन से ही गेंद इतना अधिक टर्न ले तो यह खराब (पिच) तैयारी का नतीजा है।

मुझे लगा कि इंदौर की पिच बहुत खराब है और उसी हिसाब से रैंकिंग दी जानी चाहिए थी। भारत के पूर्व दिग्गज सुनील गावस्कर हालांकि इंदौर की पिच को 'खराब' रेटिंग दिये जाने से खुश नहीं है। उन्होंने गाबा की पिच का उदाहरण दिया, जहां दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहला टेस्ट दो दिन के भीतर समाप्त होने के बावजूद आईसीसी द्वारा 'औसत से खराब' रेटिंग दी गई थी।

टेलर ने उनसे असहमति जताते हुए कहा कि ब्रिसबेन की पिच दोनों टीमों के लिए समान थी जबकि भारत-ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला के पहले तीन टेस्ट के लिए पूरी से स्पिनरों की मददगार पिच तैयार की गयी थी। ऑस्ट्रेलिया के इस कप्तान ने कहा,गाबा की पिच से दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजों को भी ऑस्ट्रेलिया के बराबर मदद मिली थी क्योंकि उनके पास चार बहुत अच्छे तेज गेंदबाज थे। भारतीय पिचों के मामले में ऐसा नहीं है। यहां चालबाजी के साथ ऐसी पिचें तैयार की गयी है।

# बदमाशों को पकड़ने गई पुलिस पर फायरिंग, मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश को 315 की राइफल के साथ दबोचा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

गोहद। डिरमन पाली के पास चिलमन का पुरा मैं दो पक्षों के बीच सुबह 11ः00 बजे विवाद हो गया था। के दौरान पुलिस को फायरिंग की भी सूचना मिली। जिसमें एक पक्ष के द्वारा



घटना को अंजाम देने की नियत से कुछ हथियारबंद बदमाशों को बुलाया गया था। जिसकी सूचना मुखबिर से गोहद पुलिस को लगी। जिस पर गोहद थाने से पुलिस बल भेजा गया पुलिस ने बदमाशों की घेराबंदी की तो बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी जवाब में पुलिस के द्वारा भी फायरिंग की गई। दोनों ओर से लगभग 40 राउंड फायरिंग की गई। गांव के पास घने बबूल के पेड़ एवं खेतों में सरसों की फसल खड़ी होने की वजह से तीन से चार बदमाश पुलिस को चकमा देकर भाग गए। एक बदमाश मुकेश पुत्र कलंदर गुर्जर उम्र 38 साल निवासी चिलमन का पुरा 315 बोर की राइफल के साथ पुलिस की पकड़ में आ गया। जिसे पुलिस पकड़ कर अपने साथ थाना लेकर आई। समाचार लिखे जाने तक बदमाश से पूछताछ जारी थी। मुठभेड़ में आरक्षक बचा बाल बाल, सर के पास से निकली गोली- बदमाशों की मुठभेड़ जब पुलिस से हो रही थी उसी दौरान बदमाशों की ओर से फायरिंग में एक राउंड आरक्षक मनोज शर्मा के सर के ऊपर से निकल गया। जिसमें आरक्षक मनोज शर्मा बाल-बाल बच गए।

### इनका कहना है

चिलमन के पुरा मैं दो पक्षों के बीच विवाद मैं एक पक्ष के द्वारा कुछ हथियारबंद बदमाशों को बुलाया गया था जिसकी सूचना मुखबिर से मिली थी। पुलिस गांव में पहुंची तो बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी मुठभेड़ में एक बदमाश को पकड़ा गया है जिससे 315 बोर की राइफल बरामद हुई है।

**राजकुमार शर्मा थाना प्रभारी थाना गोहद**

## खेल सुर्खिया

# सानिया आरसीबी खिलाड़ियों को मानसिक पहलुओं से रूबरू करवाएंगी

**मुंबई ■ भाषा**

दिग्गज टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा को क्रिकेट के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है लेकिन महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के शुरुआती सत्र में वह खिलाड़ी के तौर पर वह रॉयल चेलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के युवा क्रिकेटरों को मानसिक पहलुओं से निपटने के बारे में बतायेंगी। सानिया को आरसीबी ने डब्ल्यूपीएल के लिए अपना मार्गदर्शक (मेंटोर) बनाया है।

आरसीबी का नेतृत्व भारतीय सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना कर रही है और टीम रविवार को अपने अभियान का आगाज दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ करेगी। आरसीबी ने अपने ट्विटर हैंडल पर एक वीडियो साझा किया है जिसमें सानिया टीम के खिलाड़ियों से बातचीत करती दिख रही है। सानिया ने इस वीडियो में कहा,मैं क्रिकेट के बारे में कुछ नहीं जानती। मैंने सोचा (जब मुझे मेंटोर बनाया गया था) मैं क्या करने जा रही हूं, मैं लड़कियों से क्या बात करूंगी। मैंने हाल ही में खेल को अलविदा कहा है।

मैंने सोचा कि जीवन में मेरा अगला कदम भारत की महिला खिलाड़ियों को



मदद करना होगा। सानिया ने कहा,किसी भी खेल में मैं मानसिक पहलू को लेकर मदद कर सकती हूं। मैंने पिछले 20 वर्षों से इसका सामना किया है। सानिया ने एक खिलाड़ी ने पूछा कि उनके लिए संन्यास लेना कितना मुश्किल फैसला था। इसके जवाब में उन्होंने कहा,मैं वास्तव में इसके लिए तैयार थी। मेरा एक बेटा है जो चार साल का है और ईमानदारी से कहूं तो पिछला एक साल संघर्षपूर्ण रहा है। मेरे तीन ऑपरेशन हुए। मैंने हालांकि शीर्ष रहते हुए खेल को अलविदा कहने का सोचा था। मैं बस रुकना चाहती थी।

सानिया ने कहा कि मेंटोर के रूप में उनकी भूमिका आरसीबी को डब्ल्यूपीएल खिताब की ओर बढ़ने में मदद करने की होगी। उन्होंने कहा, मैं व्यक्तिगत खेल में थी, इसलिए फोटो शूट, मीडिया का ध्यान सब कुछ मैंने अपने दम पर संभाला। ऐसे में मैंने सोचा कि लड़कियों से इस तरह की चीजें साझा कर सकती हूं। इस पूर्व खिलाड़ी ने कहा, खेल में दबाव महसूस करना सामान्य है लेकिन आपको बस इससे निपटने का तरीका ढूंढना होगा। आपको बाहर की चर्चा को अनसुना करना होगा। ऐसे मामलों में भारतीय मीडिया सख्त है। संघर्ष को हर खिलाड़ी के जीवन का हिस्सा बताते हुए सानिया ने कहा,हर चीज में संघर्ष है। हमें कोर्ट (टेनिस खेलने की जगह) नहीं मिलता था, हम ऐसे कोर्ट पर खेलते थे जिसे गोबर से लीपा जाता था। हमारे पास कोच नहीं थे। जो कोच थे वे विशेषज्ञ नहीं थे। फिर लड़कियों का अपना एक अलग संघर्ष होता है। उन्होंने कहा,एक एथलीट के रूप में हमारा काम अगली पीढ़ी को प्रेरित करना है। चैंपियन वह नहीं हैं जो हर समय जीत रहा हो, असली चैंपियन वह हैं जो खराब लय के होने के बाद भी जीतने का जज्बा दिखाता है।

# विकास यात्रा के समापन अवसर पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ**
**पुष्पांजली टुडे बालाघाट**

लांजी किरनापुर विधानसभा क्षेत्र में संत रविदास जयंती के अवसर पर प्रारंभ हुई विकास यात्रा जो 3 मार्च तक निरंतर जारी रहीं। जिसका नेतृत्व भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश भटेरे के द्वारा किया गया। विकास यात्रा संपन्न होने पर 5 मार्च को लांजी के वीरांगना रानी अवंती बाई मिनी स्टेडियम लांजी में स्नेह मिलन समारोह का कार्यक्रम आयोजित कर विकास यात्रा को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से अपना सहयोग देने वाले सभी प्रशासनिक अधिकारियों, पार्टी कार्यकर्ताओं, आंगनवाड़ी के दीदीयां , ग्राम रक्षक, एवं स्वास्थ्य विभाग सभी का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में बालाघाट जिले के कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा एवं लांजी एसडीएम ज्योति ठाकुर, किरनापुर एसडीएम निकिता मंडलोई, तहसीलदार सतीश चौधरी, सीईओ एवं प्रशासनिक अधिकारीयों के अलावा भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## अटवाल कट से चूके, भाटिया संयुक्त 11वें स्थान पर

**रियो डी ग्रांडे,भाषा।** भारतीय गोल्फर अर्जुन अटवाल प्यूर्टो रिको ओपन के दूसरे दौर में यहां एक अंडर 71 का कार्ड खेलने के बावजूद कट में जगह बनाने से चूक गये। अटवाल ने पहले दौर में 77 का खराब स्कोर किया था जिससे उनका कुल स्कोर चार ओवर का रहा। कार्सन यंग ने पांच अंडर 67 का कार्ड खेल और दो दौर के बाद वह चार शॉट की बड़ी बढ़त के साथ तालिका में शीर्ष पर है। उनका कुल स्कोर 14 अंडर 130 है और वह पीजीटी टूर पर अपना पहला खिताब जीतने के लिए अच्छी स्थिति में है। भारतीय मूल के अमेरिकी खिलाड़ी अक्षय भाटिया अपने पहले दौर (छह अंडर) की लय को दूसरे दिन जारी नही रख सके। वह एक अंडर 71 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 11वें स्थान पर फिसल गये है।

!! जय श्री सिद्ध गुरुदेव !!
10th All Sub.
9302855225
9144741160
(CBSE & NCERT BOARD)
HINDI & ENGLISH MEDIUM
By: योगेन्द्र सर
म.प्र. शासन की "BHIM" योजना के अंतर्गत Registration करवायें और Fees में 15% की छूट पाये
Coming Soon
REGISTRATION OPEN
Visit our website
www.yogendrasirgwalior.com
YOGENDRA SIR OFFICIAL APP
GET IT ON Google Play
पता- फोर्ट रोड सब्जी मंडी पुल के पास, हजीरा ग्वालियर ।

# नोरा फतेही के साथ डांस करते दिखे अक्षय कुमार





बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार अटलांटा में नोरा फतेही के साथ लाल लहंगे में डांस करते नजर आए। पैपराजी विरल भयानी ने इंस्टाग्राम पर एक क्लिप शेयर की है। दरअसल, अक्षय और नोरा अपने द एंटरटेनर्स टूर के साथ अमेरिका के दौरे पर हैं। वीडियो में अक्षय अपने ब्लेक आउटफिट के ऊपर लाल घाघरा पहनकर डांस करते हुए दिख रहे हैं। वहीं नोरा फतेही शॉर्ट रेड शिमरी आउटफिट में स्टेज पर नजर आ रही है। इस बीच अक्षय शर्टलेस लुक में अपने एब्स दिखाते हुए शिमरी ब्लेक ब्लेजर और ब्लेक पेंट में के ऊपर पहने लहंगे को निकालते हैं। इसके बाद दोनों उनकी फिल्म 'सेल्फी' के गाने 'मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी' पर डांस करते नजर आ रहे हैं। 'सेल्फी' का निर्देशन राज मेहता ने किया है। फिल्म में इमरान हाशमी, डायना पेंटी और नुसरत भरुचा भी हैं। यह 2019 की मलयालम फिल्म 'ड्राइविंग लाइसेंस' की रीमेक है, यह फिल्म एक आरटीओ इंस्पेक्टर और एक प्रमुख एक्टर के बीच प्रतिद्वंद्विता के इर्द-गिर्द घूमती है।

## कंगना ने विराट-अनुष्का को कहा 'पावर कपल'



स्टार जोड़ी अनुष्का शर्मा और विराट कोहली उज्जैन के मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे, वहीं अभिनेत्री कंगना रनौत दोनों को 'अच्छा उदाहरण' बताते हुए उनकी प्रशंसा करने से खुद को नहीं रोक पाईं। कंगना ने शनिवार को मंदिर जाने का अपना वीडियो शेयर किया और उन्हें 'पावर कपल' भी कहा। उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम कहानी पर लिखा, यह युगल इतना अच्छा उदाहरण स्थापित कर रहा है, न केवल यह उन्हें महाकाल का आशीर्वाद देता है, बल्कि यह किसी न किसी तरह से सनातन पर निर्मित धर्म और सभ्यता का भी महिमामंडन करता है। इसके अलावा सूक्ष्म स्तर पर यह मंदिर / राज्य में पर्यटन को बढ़ाता है और कुल मिलाकर राष्ट्र को अपने आत्मसम्मान और अर्थव्यवस्था दोनों में मदद करता है। अनुष्का और विराट, जिन्हें प्यार से 'विरुष्का' कहा जाता है, इंदौर में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरे टेस्ट मैच के समाप्त होने के एक दिन बाद शनिवार सुबह मंदिर गए। काम के मोर्चे पर, कंगना वर्तमान में चंद्रमुखी 2 की शूटिंग कर रही हैं।

## शाहरुख-सलमान, अल्लू अर्जुन और विजय मचायेंगे धमाल



बॉलीवुड के किंग खान शाहरुख खान की आने वाली फिल्म जवान में उनके साथ सलमान खान, दक्षिण भारतीय स्टार अल्लू अर्जुन और विजय धमाल मचाते नजर आ सकते हैं। दक्षिण भारतीय फिल्मकार एटली इन दिनों शाहरुख खान को लेकर फिल्म जवान बना रहे हैं। इस फिल्म में शाहरुख खान के साथ नयनतारा रोमांस करती नजर आएंगी। फिल्म जवान में दीपिका पादुकोण का भी कैमियो रोल होगा। फिल्म जवान में शाहरुख के अलावा तीन और बड़े सुपरस्टार्स हैं जो फिल्म में उनके साथ फाइट करते नजर आएंगे।



## ज़्विगाटो ने समझायी डिलीवरी पर्सन की तकलीफें: कपिल शर्मा

बॉलीवुड अभिनेता कपिल शर्मा का कहना है कि उनकी आने वाली फिल्म ज़्विगाटो के जरिये उन्हें डिलीवरी पर्सन की तकलीफें पता चलीं। कपिल शर्मा ने बताया एक दिन हम अपने एक मित्र का जन्मदिन सेलिब्रेट कर रहे थे जिसके लिए मेरी वाइफ ने ऑनलाइन ऑर्डर कर के केक मंगाया था, जब ड्राइवर पर्सन आया, हमने केक देखा तो वह थोड़ा बिगड़ चुका था। हमने वो केक रिटर्न कर दिया फिर मुझे अचानक यह ध्यान आया कि, इस डिलीवरी पर्सन को कही अपने शॉप पर डांट न पड़े या इसका भुगतान उसे अपनी पगार से न करना पड़े, हमने तुरंत उसे बुलाया उन्हें केक वापिस देने के लिए कहा क्योंकि हम केक को वैसे भी कट ही करनेवाले थे। मुझे लगता है कि ज़्विगाटो में मेरे द्वारा निभाए गए इस किरदार की वजह से मुझे उनके प्रति जिम्मेदारी का अहसास हुआ क्योंकि मैं अपने किरदार को निभाते समय इन सभी बातों से गुजार हूं। गौरतलब है कि अप्लॉज एंटरटेनमेंट और नंदिता दास इनिशिएटिव्स की फिल्म 'ज़्विगाटो' को नंदिता दास ने निर्देशित किया है। कपिल शर्मा, शाहाना गोस्वामी और तुषार आचार्य अभिनीत यह फिल्म 17 मार्च, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी।

## जब अमिताभ के घर श्रद्धा कपूर ने मनाई होली

रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर अपनी अपकमिंग फिल्म 'तू झूठा मैं मक्कार' के प्रमोशन में बिजी है। एक्ट्रेस ने रंगों के त्योहार होली के मौके पर फिल्म की रिलीज को लेकर उत्साह व्यक्त किया। उन्होंने अपने बचपन के दिनों में मेगास्टार अमिताभ बच्चन के घर पर त्योहार मनाए जाने को याद किया। उन्होंने शेयर कियाः मुझे होली खेलना बहुत याद आ रहा है। हमारी फिल्म होली पर रिलीज हो रही है, इसलिए मैं इसे लेकर बहुत उत्साहित हूं। लेकिन मुझे नहीं पता कि मुझे खेलने का मौका मिलेगा या नहीं। बचपन में मैं बिल्डिंग में खेला करती थी और मेरे लिए एक यादगार होली वो थी जब मैं अमिताभ बच्चन जी के घर गयी थी। 'लव का द एंड', 'आशिकी 2', 'एक विलेन', 'हैदर', 'छिछोरे' जैसी फिल्मों के लिए जानी जाने वाली एक्ट्रेस ने आगे बताया कि उन्हें बिग बी के घर पर होली के उत्सव के बारे में जो सबसे ज्यादा पसंद था, वह था लोगों का विशाल जमावड़ा और वे एक-दूसरे को उठाकर टब में फेंक देते थे। उन्होंने कहा, मुझे याद है कि कैसे लोग एक दूसरे को उठाकर टब में फेंक देते थे, और मैं मन ही मन सोचती थी, कोई मुझे उठाकर टब में फेंक दे, लेकिन ऐसा कभी नहीं हुआ। वह कपिल शर्मा के रियलिटी शो में रणबीर कपूर के साथ अपनी फिल्म 'तू झूठी मैं मक्कार' का प्रमोशन करने आई थीं। 'द कपिल शर्मा शो' सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होता है।



## लाइव सेशन में 'नाटू नाटू' पर थिरके जुंगकुक

के-पॉप सुपरबैंड बीटीएस मेंबर जुंगकुक को वीवर्स पर अपने फैंस के साथ एक लाइव सेशन के दौरान एस.एस. राजामौली की फिल्म 'आरआरआर' के ट्रैक 'नाटू नाटू' पर थिरकते देखा गया। जुंगकुक के वीवर्स लाइव की चर्चा आए दिन सोशल मीडिया पर होती रहती है। इसका एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एनटीआर जूनियर और रामचरण की फिल्म आरआरआर के 'नाटू नाटू' को बजाते हुए भी नजर आए। वहीं इस गाने को सुनने के बाद इसके हुक स्टेप को भी करते हुए दिखे। 'नाटू नाटू' ने कई अवार्ड अपने नाम किए। हॉलीवुड क्रिटिक्स एसोसिएशन अवार्डस में इस फिल्म ने चार अवॉर्डस अपने नाम किए थे। ऑस्कर में, यह गाना लेडी गागा और रिहाना द्वारा गाए गए ट्रैक से प्रतिस्पर्धा कर रहा है। 'आरआरआर' में एनटीआर जूनियर, राम चरण, अजय देवगन, आलिया भट्ट और श्रिया सरन हैं। यह फिल्म दो वास्तविक जीवन के भारतीय क्रांतिकारियों अल्लूरी सीताराम राजू और कोमाराम भीम की कहानी और ब्रिटिश राज के खिलाफ उनकी लड़ाई के बारे में बताती है। 1920 के दशक में सेट, कथानक उनके जीवन में उस अनिर्दिष्ट अवधि की पड़ताल करता है, जब दोनों क्रांतिकारियों ने अपने देश के लिए लड़ाई शुरू करने से पहले गुमनामी में जाना चुना।



दिलचस्प

## फिल्म 'राम सेतु' का आज होगा वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर



अभिनेता अक्षय कुमार की फिल्म 'राम सेतु' का वर्ल्ड टेलीविडन प्रीमियर 05 मार्च को होगा। फिल्म 'राम सेतु' में अक्षय कुमार के अलावा नुसरत भरुचा, जेकलीन फर्नांडीज, सत्यदेव और एम. नासिर मुख्य भूमिकाओं में हैं। अभिषेक शर्मा द्वारा लिखित और निर्देशित इस फिल्म की कहानी पुरातत्वविद् डॉ. आर्यन कुलश्रेष्ठ के बारे में है जो समय रहते राम सेतु के वास्तविक अस्तित्व को साबित करना चाहता है। इस फिल्म में अक्षय कुमार आर्कियोलॉजिस्ट के रोल में हैं। 'राम सेतु' का वर्ल्ड टेलीविडन प्रीमियर 05 मार्च को शाम 8 बजे स्टार गोल्ड पर होगा। अक्षय कुमार ने कहा,राम सेतु हमारे भारतीय इतिहास और संस्कृति से जुड़ा हुआ है। हमारा यह प्रयास रहा है कि हम दर्शकों को इस कहानी के जरिये एक अद्भुत फिल्म की अनुभूति कराएं जो सांस्कृतिक रूप से भी एक समृद्ध अनुभव रहे।यह एक महत्वपूर्ण कहानी है जिसे बताया जाना चाहिए विशेष रूप से युवा पीढ़ी के लिए। मैं खुश हूं कि फिल्म 'राम सेतु' अब टीवी पर रिलीज होने जा रही है और दर्शक अब इस फिल्म का आनंद अपने परिवार के साथ घर बैठे ले सकते हैं।

## पठान ने तोड़ा 'बाहुबली 2' रिकार्ड




बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान की फिल्म पठान सबसे अधिक कमाई करने वाली हिंदी फिल्म बन गयी है। यशराज बैनर तले बनी सिद्धार्थ आनंद निर्देशित पठान में शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम की मुख्य भूमिका है।पठान के जरिये शाहरुख ने चार साल बाद बॉलीवुड में वापसी की है। फिल्म पठान ने नया रिकॉर्ड बनाया है और इस बार फिल्म ने एसएस राजामौली की बाहुबली 2 को पीछे कर दिया है। पठान सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म बन गई है। पठान ने हिंदी भाषा में 511.75 करोड़ की कमाई की है। बाहुबली 2 के हिंदी वर्जन ने बॉक्स ऑफिस पर 510.99 करोड़ रुपये कारोबार किया था। इस तरह पठान ने बाहुबली 2 के रिकार्ड को तोड़ दिया है।

## 9 मार्च को रिलीज होगी खेसारीलाल यादव की फिल्म 'फरिश्ता'




भोजपुरी फिल्मों के जानेमाने अभिनेता खेसारी लाल यादव की फिल्म 'फरिश्ता' 09 मार्च को रिलीज होगी। खेसारीलाल यादव ने कहा, फिल्म 'फरिश्ता' मेरे लिए नया अनुभव था। चैलेंजिंग भी था, क्यूंकि सब कुछ समझते हुए भी ना समझ की ऐक्टिंग करना आसान नहीं होता है। मुझे इस फिल्म में यही किरदार निभाना था, जो मेरे लिए बिल्कुल भी आसान नहीं था। लेकिन जब आपके आस पास अच्छे लोगों की प्रेरणा होती है, तो आप कुछ भी कर सकते हैं। वो मैंने किया। 45 डिग्री की गर्मी में पागल के कॉस्टयूम में 24 घंटा रहना आसान नहीं है। उन्होंने कहा कि ट्रेलर को जिस तरह से लोगों को रेस्पॉन्स मिला। उससे हम सभी उत्साहित हैं। हमने कोशिश की है एक अच्छा सिनेमा देने की, बाकी जनता का प्यार। उल्लेखनीय है कि फिल्म फरिश्ता की प्रस्तुति वेव म्यूजिक और निर्माण गंगोत्री स्टूडियो प्राइवेट लिमिटेड ने किया है। फिल्म के निर्माता एसएस रेड्डी और निर्देशक लाल बाबू पंडित हैं। फिल्म की कहानी अरविंद तिवारी ने लिखी है और संगीत कृष्णा बेदर्दी का है। लिरिक्स कृष्णा बेदर्दी और अरविंद तिवारी का है। इस फिल्म में खेसारी लाल यादव और मेघा श्री के साथ साथ पूजा गांगुली, अमित शुक्ला, श्रद्धा नवल, प्रकाश जैश, सोनू पांडेय, रिंकू भारती और खुशबू यादव मुख्य भूमिका में हैं। कोरियोग्राफर कानू मुखर्जी हैं।

ग्वालियर प्रेस क्लब की अनुकरणीय पहल

# गंभीर रूप से बीमार 2 पत्रकारों को प्रदाय की बीस बीस हजार की आर्थिक सहायता




ग्वालियर। ग्वालियर प्रेस क्लब ने अब पत्रकारों के इलाज के लिए उनके परिवार को आर्थिक मदद की मुहिम शुरू की है।विगत दिवस शनिवार को ग्वालियर प्रेस क्लब की अनुकरणीय पहल पर गंभीर रूप से बीमार पत्रकारों को इलाज के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया। प्रेस क्लब को पिछले दिनों यह जानकारी मिली थी कि वरिष्ठ पत्रकार अवध आनंद और राम किशोर अग्रवाल के गंभीर रूप से बीमार है, तब प्रेस क्लब अध्यक्ष राजेश शर्मा ने बीते दिनों साधारण सभा की बैठक में पत्रकारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का प्रस्ताव रखा जिसे सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। विगत दिवस शनिवार को दोनो पत्रकारों को बेहतर इलाज के लिए ग्वालियर प्रेस क्लब कोष से बीस बीस हजार रुपए की आर्थिक मदद का चेक पत्रकारों के परिजन को चेक सौंपा। यह जानकारी देते हुए प्रेस क्लब सचिव सुरेश शर्मा ने बताया कि दोनो पत्रकारों के निवास पर पहुंच कर पत्रकारों के स्वास्थ की जानकारी लेकर जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हुए शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया।इस मौके पर प्रेस क्लब अध्यक्ष राजेश शर्मा , उपाध्यक्ष प्रदीप तोमर , स्टेट प्रेस क्लब प्रदेश महासचिव गुरु शरण सिंह, वरिष्ठ पत्रकार रविंद्र झारखरिया,मध्य प्रदेश पत्रकार संघ के संभागीय अध्यक्ष ब्रजमोहन शर्मा ,दिनेश राव,फोटो जर्नलिस्ट प्रकोष्ठ अध्यक्ष राजेश जायसवाल विशेष रूप से मौजूद थे ।



# मुख्यमंत्री शिवराज जी के जन्मदिन पर भाजपा ने किया 64 पौधों का रोपण

**ग्वालियर।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी के 64 वें जन्म दिवस के अवसर पर रविवार को भारतीय जनता पार्टी महानगर ग्वालियर द्वारा जिलाध्यक्ष अभय चौधरी के नेतृत्व में श्याम लाल पांडवीय महाविद्यालय के पास लाल टिपारा मुरार पार्क में 64 पौधों का रोपण किया गया। जिलाध्यक्ष अभय चौधरी ने कहा कि जिस प्रकार से हमारे यशस्वी मुख्यमंत्री शिवराज जी हर रोज पौधों का रोपण कर रहे हैं उससे हम सभी को पौधे रोपण करने की प्रेरणा लेनी चाहिए और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी ने स्पष्ट संदेश दिया है कि पेड़-पौधों के बिना मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि पेड़ मनुष्यों को तो जीवन देते ही हैं, पशु-पक्षी, जीव-जन्तु, कीट-पतंगों को भी आश्रय और जीवन देते हैं। यह धरती आने वाली पीड़ियों के रहने योग्य बनी रहे, इसलिए वृक्षारोपण जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करने के साथ-साथ पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने चाहिए। पेड़ पौधे हमें शुद्ध वायु देते है। प्राकृतिक आपदाओं से बचने और पर्यावरण को शुद्ध बनाने के लिए पेड़ों का होना बहुत जरूरी है। हमें जीवन में ज्यादा नहीं तो कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी के जन्मदिन पर वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष अभय चौधरी, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जयप्रकाश राजौरिया, बीज विकास निगम के अध्यक्ष मुन्नालाल गोयल, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी जवाहर प्रजापति, पूर्व विधायक रामबरन सिंह गुर्जर, अशोक शर्मा, शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ नितेश शर्मा, जितेंद्र सिंह गुर्जर, अशोक जैन, दिनेश दीक्षित, धर्मेंद्र राणा, विवेक चौहान, नीलिमा शिंदे, गिरिराज व्यास, विनोद शर्मा, हेमलता बुधौलिया, सुरेंद्र शर्मा, कनवर मंगलानी, रामेश्वर भदोरिया, शैली शर्मा, सुघर सिंह पवैया, रेखा त्रिपाठी, उपेंद्र बेस, प्रतीक तिवारी, रेशु राजावत, रूपेंद्र चौहान, पार्षद गिर्राज सिंह कंसाना, अनिल कौरव, महेश उमरैया, व्यंजना मिश्रा, किरण भदौरिया, रनदीप संधु, धर्मेंद्र कुशवाह, नवीन चौधरी सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल थे।

# देश में बढती हुई महगांई ने जनता की कमर तोड़ दी हैः डॉ. सिकरवार



**ग्वालियर।** 16 ग्वालियर पूर्व विधानसभा के थाठीपुर ब्लॉक के वार्ड क्रमांक 24 में आज विधायक डॉ. सतीश सिकरवार के नेतृत्व में 'हाथ से हाथ जोडो' यात्रा निकाली गई। आज शाम 4 बजे कांग्रेस कमेटी के प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, ब्लॉक पदाधिकारी, पार्षद एवं सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ता सुरेश नगर थाठीपुर पेट्रोल पम्प पर एकत्रित हुये और वहां से मोहन नगर, जीवाजी नगर, न्यू जीवाजी नगर, न्यू सुरेश नगर, विशाल मेगा मार्ट, शिवाजी नगर, चौहान प्याऊ, सिंधिया इन्कलेव एवं समस्त क्षेत्र में 'हाथ से हाथ जोडो' निकाली गई और यात्रा के समापन पर जनचौपाल का भी आयोजन किया गया।

जनचौपाल में विधायक डॉ. सिकरवार ने जनता को संबोधित करते हुये कहा कि आज पूरे देश में बढती हुई महगांई ने जनता की कमर तोड़कर रख दी है और भाजपा सरकार के नेता मौज कर रहे है। भाजपा सरकार ने देश को कर्ज के बोझ में दबा दिया है और जो कोई भी इनके खिलाफ आवाज उठाता है, उसे झूठे केस में फंसा कर जेल में डलवा दिया जाता है। विधायक डॉ. सिकरवार ने कहा कि देश के विकास की नीवं भी कांग्रेस पार्टी ने ही रखी थी, देश के युवाओं ने भाजपा पर जो भरोसा किया वह टूट चुका है, कांग्रेस पार्टी ही युवाओं को रोजगार दे सकती है। विधायक डॉ. सिकरवार ने कहा कि देश की हालत आप सभी देख सकते है, यह किसी से भी नहीं छिपी है। जब से भाजपा सत्ता में आई है तब से देश में नफरत फैलाने का काम भाजपा द्वारा किया जा रहा है, यही भाजपा की करनी और कथनी है। 'हाथ से हाथ जोडो' यात्रा में मुख्य रूप से जिला संगठन मंत्री सुरेन्द्र यादव, एम.आई.सी. सदस्य अवधेश कौरव, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद जैन, देवेन्द्र चौहान, गिर्राज शर्मा, महादेव अपोरिया, अनूप शिवहरे, चतुर्भुज धनोलिया, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष प्रेम सिंह दादा, पार्षद प्रमोद खरे, केदार बरहादिया, सुधीर मण्डेलिया, सुरेन्द्र साहू, अंकित कठठ्ल, पोप सिंह वर्मा, जहान सिंह तोमर, राजेश तोमर, कल्लू तोमर, कुलदीप तोमर, सुनील रमपुरिया आदि मौजूद रहे।

# एक्टर देवराजन भारतीय माँढरे की माता मंदिर में होली सेलिब्रेट करेंगे



**ग्वालियर।** शहर के फिल्म वेबसीरिज सीरियल एक्टर देवराजन भारतीय अभी फिलहाल मुंबई से अपने ग्वालियर शहर मे अपनी बड़ी माँ श्री कालूबाई माँढरे की माता मंदिर एवं माता पिता के साथ होली सेलिब्रेट करेंगे। देवराजन भारतीय ने कहा बॉलीवुड मे एक्टर या किसी भी फील्ड मे व्यक्ति की लाईफ इतनी व्यस्त होती हैं कि जब मौका मिलता है तब एक्टर अपने घर त्योहारों पर जाता है मुझे होली पर मौका मिला है होली एक ऐसा त्योहार है कि सभी लोग रिश्तेदार, दोस्तो के साथ मनाते है लेकिन हमे किसी भी त्यौहार को सबसे पहले भगवान इशवर एवं माता पिता के साथ मनाया जाना चाहिए। मै सबसे पहले इशवर भगवान माता पिता का महत्व समझता हूँ । एक्टर देवराजन भारतीय ने मुम्बई बॉलीवुड के सफर के बारे मे बताया कि मुम्बई मे एक एक्टर के लिए शुरूआती दिनों में हर एक चीज मे बहुत कठिन संघर्ष है। ग्वालियर में मैने काफी लम्बे समय तक कई फीचर फिल्म रिवॉलवर रानी, सत्याग्रह, सोन चिरैया, यारा, अत्याचार लेकिन कब तक, उफ ये कैसी आशिकी, एल्बम, एड फिल्म, शार्ट फिल्म ठप्पा मै छोटे छोटे किरदार करके काफी संघर्ष किया है लेकिन अब मैंने अपने सपनों को सच करने के लिए मुंबई मे संघर्ष के लिये कदम बढ़ा दिया है । एक्टर देवराजन भारतीय ने कहा कि अपनी बड़ी माँ श्री कालूबाई माँढरे की माता एवं माता पिता का आशीर्वाद मिला और मुंबई मे काफी कठिन संघर्ष करने के बाद मुझे वेबसीरिज हम तुमको कुछ बोलने का मांगते, सीरियल राधाकृष्ण, पिया अभिमानी, राजमहल, पलकों की छाँव मे जैसे हिन्दी सीरियल मे छोटे छोटे किरदार निभाया हूँ ।

# सीएम चौहान के जन्मदिन पर शहर में अनेक स्थानों पर रोपे गए पौधे, बनाई शिव वाटिका



**ग्वालियर।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के 64वें जन्मदिन के अवसर पर ग्वालियर में विभिन्न स्थानों पर जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों द्वारा शिव वाटिका अभियान के तहत पौधारोपण कर आम नागरिकों को भी पर्यावरण सुधार के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री चौहान के जन्म दिवस के अवसर पर इंटक मैदान हजीरे पर आयोजित लाडली बहना योजना के शुभारंभ अवसर पर सांसद विवेक नारायण शेजवलकर, भाजपा जिला अध्यक्ष अभय चौधरी, कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह, नगर निगम आयुक्त किशोर कन्याल, पार्षद गण सहित अनेक जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा वृहद स्तर पर पौधारोपण किया गया। इसके साथ ही संभागीय आयुक्त दीपक सिंह द्वारा अपने निवास परिसर में परिवार के साथ मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के जन् दिवस के अवसर पर पौधारोपण किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गेश कुँवर सिंह, कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आशीष तिवारी ने जिला पंचायत कार्यालय परिसर में पौधरोपण किया। इसके साथ ही नगर निगम ग्वालियर द्वारा नगर निगम आयुक्त किशोर कन्याल के निर्देश पर ग्वालियर शहर में विभिन्न शिव वाटिकाओ लाल टिपारा पार्क, किलागेट, वसंत विहार पार्क, अरनव ग्रीन सागर ताल आदि जगहों पर लगभग 500 पोधो का वृक्षारोपण किया गया। शहरी क्षेत्र के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र में भी जगह-जगह मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के जन्मदिवस पर पौधरोपण का कार्य किया गया। इसके साथ ही शहर में अन्य स्थानों पर भी नागरिकों द्वारा पौधारोपण कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया।

# एंटी माफिया अभियानः दो मकान तोड़े, 24 हजार वर्गफुट शासकीय भूमि कराई मुक्त



**ग्वालियर।** जिले में एंटी माफिया अभियान के तहत की जा रही कार्रवाई के तहत रविवार को जिला प्रशासन द्वारा बड़ी कार्रवाई कर 24 हजार वर्गफुट शासकीय भूमि मुक्त कराई गई। जिसकी वर्तमान कीमत लगभग 7 करोड़ रूपए है। शासकीय भूमि पर अपराधियों द्वारा अतिक्रमण किया गया था। इसके साथ ही शासकीय भूमि पर अपराधियों द्वारा बनाए गए दो मकानों को भी ध्वस्त किया गया। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सी बी प्रसाद ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा ग्राम महलगाँव के सर्वे क्रमांक 971 की शासकीय भूमि में निर्मित दो मकानों को तोड़ा गया। इसके अतिरिक्त महलगाँव के सर्वे क्रमांक 971 की 400 वर्गफुट तथा सर्वे क्रमांक 970 की 20 हजार वर्गफुट भूमि कुल 24 हजार वर्गफुट भूमि को भी मुक्त कराया गया।

# मुख्यमंत्री शिवराज जी लाखों कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शक हैंः गोविंद भैया

## शिवराज के जन्मदिन पर वृक्षारोपण किया



**ग्वालियर।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के जिले के महामंत्री एवं मध्यप्रदेश युवा संगठन के संस्थापक गोविंद भैया परिहार ने रविवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह जी के जन्मदिवस के उपलक्ष में भाण्डेर रामगढ़ वाली माई के मैदान पर वृक्षारोपण किया। वहीं हनुमान चालीसा का पाठ धर्म प्रेमियों ने कर पुस्तकों का वितरण किया। इस अवसर पर गोविंद भैया परिहार ने बताया कि शिवराज सिंह जी मध्य प्रदेश के सफलतम मुख्यमंत्री हैं, जिन्होंने हर वर्ग के लिए कार्य किया और देश के मोदी सरकार के साथ मिलकर शिवराज सरकार बहुत अच्छा कार्य कर रही है और हर वर्ग के लिए कार्य कर रही है इसलिए हम सभी धर्म प्रेमी मां रामगढ़ वाली माइ से प्रार्थना करते हैं वह सदा स्वस्थ रहें और इसी प्रकार से देश और प्रदेश की जनता खुशहाल रहें। इस अवसर पर उनके साथ समाजसेवी डॉ माधव सिंह कुशवाह, राजेंद्र सिंह परिहार, मध्य प्रदेश युवा संगठन के अध्यक्ष अटल यादव, दीपक अग्रवाल, मुकेश शर्मा, मातादीन कुशवाहा, सुनील राजपूत आदि थे।

# क्या शास्त्रों के साथ छेड़छाड़ उचित है क्या स्टेज से हम कुछ भी बोल सकते है

**अपने अपने राम, पर राम तो एक ही हैं !!**

**शास्त्रों का प्रवचन, शास्त्रों पर अधिकार**

आज किन्हीं मित्र के सानिध्य से डॉ कुमार विश्वास जी की अपने अपने राम का विडियो सुनने को मिला । दो अंक सुने । क्षोभ हुआ सुन कर । पहले मैं समझता था कि आजकल शास्त्रों का कथाकारों ने ही नाश किया हुआ है, कोई अच्छा ब्राह्मण यदि कथाकारी करे तो अच्छे से कर सकेगा लेकिन मेरा ये भ्रम भी टूट गया। डॉ कुमार विश्वास जी को मैं सभी प्रकार से योग्य मानता हूं, पढ़े लिखे हैं, प्रोफेसर हैं, भाषा कुशलता है, मंच से घंटो बोल सकते हैं, काव्य, साहित्य और राजनीति का अच्छा ज्ञान है लेकिन साहित्य और शास्त्रों के ज्ञान होने में जो अंतर होता है, वो आज सुना । हम भी जब कोई यूट्यूब लाइव करते हैं तो बहुत पढ़कर और अध्ययन करके करते हैं, कि तथ्यों में कोई गलती न रह जाए जबकि हमारा तो ऑडियंस बेस ही बहुत छोटा है, जबकि कुमार विश्वास तो हजारों लोगों के सामने एक विशाल मंच से बोल रहे थे, कम से कम शास्त्रीय तथ्यों को जांच तो लेना चाहिए था । उनके कहे को लाखों लोग सच ही मान रहे होंगे । एक जगह कहते हैं, जामवंत




ब्रह्मा जी के पोते थे ड़ड़ क्या सच में ! जामवंत जी, स्वयं ब्रह्मपुत्र थे, पोते नहीं थे । दूसरी जगह कहते हैं, पुलस्त्य ऋषि के मित्र थे ड़ड़ सच में ड़ड़ अरे ऋषि पुलस्त्य भी ब्रह्मा जी के ही पुत्र थे, अतः जामवंत रावण के नाना के समकक्ष ही हुए। वो पुलस्त्य ऋषि के मित्र नहीं, अपितु भाई थे । ऐसे एक नहीं अनेकों ऊट पटांग तथ्य उन्होंने अपनी कथा में कहे !! सूपर्णखा विश्व सुंदरी थी, उनके हिसाब से और उसकी नाक, गलती से कट गई थी ड़ड़ड़ अरे भाई, स्त्री को मृत्युदंड नहीं दिया जाता अतः उसके नाक और कान दोनों काट लिए गए थे और ये गलती से नहीं हुआ था । फिर बताते हैं कि भरत और शत्रुघ्न अयोध्या पहुंचे तो पहले एक मंदिर में पहुंचे, जहां पूर्वजों की मूर्तियां थीं और वहां दशरथ की मूर्ति देखकर उन्होंने पुजारी से पूछा तो उसने बताया, महाराज स्वर्ग सिधार गए !!! मतलब राजा दशरथ मरे और तुरंत उनकी मूर्ति 1 से 2 दिन के अंदर बनवा कर, मंदिर में रखवा दी गई ड़ड़ वो भी उनके दाहसंस्कार से पहले ड़ड़ जबकि भरत को पिताजी के देहावसान की सूचना कैकई ने दी थी, न कि किसी पुजारी ने ।ऐसे ही एक जगह कहा कि रामचंद्र जी जब वनवास को जा रहे थे, तो संकल्प हुआ और जंबू द्वीपे भारत खंडे सुनकर रामचंद्र जी भूमि पर गिर पड़े, क्योंकि उन्हें भरत का ध्यान हो आया, इतना प्रेम वो भरत से करते थे । मतलब कुछ भी !!! भारत देश तब था भी ड़ड़ भारत देश का नाम, दुष्यंत और शंकुतला पुत्र, भरत के नाम से पड़ा था, न कि रामचंद्र के भाई, भरत जी की वजह से क्योंकि तब कोई भारत था ही नहीं, तब केवल आर्यवर्त था, जंबू द्वीपे, आर्यवर्ते, न कि भरत खंडे । ये तो बाद में जोड़ा गया, स्थान की और अधिक स्पष्ट बनाने के लिए ।ऐसी अनेकों बातें उन्होंने कहीं, जिस पर कथा लाइव सुनने वाले, सभी लोग तालियां बजा रहे थे और मैं सिर धुन रहा था । पूरी जगह रामकथा को, कहानी कहा गया ड़ड़ क्या कथा और कहानी, एक ही बात होती है ड़ड़ ये बात कुमार विश्वास से अपेक्षित नहीं थी। ऋषि भारद्वाज जी को, केवल भरद्वाज कहकर संबोधित करना, क्या उचित है मुझे अफसोस हुआ कि मेरा भ्रम, कि कोई पढ़ा लिखा ब्राह्मण यदि रामकथा या शास्त्रों की कथा मंच से कहे तो अच्छे से कहेगा, टूट गया ।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478